राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित
वर्ष : 14
अंक : 281
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 04 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 यमुना पुश्ता रोड पर बनी झुग्गियों में भरा पानी
पेज 4 देवहा नदी की बाढ़ ने बढ़ाई मुसीबतें, कई मार्ग हुए बंद
पेज 6 विराट कोहली लंदन में फिटनेस टेस्ट देने वाले एक मात्र भारतीय

## संक्षिप्त खबरें

### गरबा स्थल पर आधार कार्ड देखकर दें प्रवेश

**अहमदाबाद।** नवरात्र से पूर्व विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और गरबा आयोजक आमने सामने आ गए हैं। विहिप और बजरंग दल गरबा आयोजकों पर नवरात्र पर्व में केवल हिंदू युवक-युवतियों को ही प्रवेश देने का दबाव डाल रहे हैं। वहीं गरबा आयोजकों का कहना है कि इन संगठनों को गरबा के दौरान ही लव जिहाद की याद आती है। राज्य में नवरात्र उत्सव की जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। गरबा आयोजक और गरबा खेलने वाले अपने-अपने तरीके से तैयारियों में जुटे हैं। इस बीच विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित कई संगठन लव जिहाद का मुद्दा उठाते हुए गरबा उत्सव में केवल हिंदू-युवक युवतियों को ही प्रवेश देने की मांग कर रहे हैं।

### शिक्षक भर्ती घोटाला : पूर्व राज्य मंत्री ने बेटी के साथ कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**कोलकाता।** पूर्व राज्य मंत्री परेश चंद्र अधिकारी और उनकी बेटी अंकिता अधिकारी ने एसएससी भर्ती भ्रष्टाचार से संबंधित सीबीआइ मामले में अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। पिता और बेटी बुधवार दोपहर अलीपुर स्थित विशेष सीबीआइ अदालत में पेश हुए और जमानत के लिए आवेदन किया। वहीं, राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के निजी सचिव सुकांत आचार्य ने आत्मसमर्पण कर दिया। इस दिन पार्थ, समरजीत आचार्य, पर्णा बसु और कई अन्य ने जमानत मांगी। हालांकि सीबीआइ ने जमानत अर्जी का विरोध किया।



### हैप्पी मॉर्निंग

टीचर- रिंकी बताओ वेल्डिंग और वैडिंग में क्या अंतर है?
रिंकी- मैम वेल्डिंग में पहले चिंगारी निकलती है और फिर हमेशा के लिये गठबंधन हो जाता है लेकिन वैडिंग में पहले गठबंधन होता है और जिंदगीभर चिंगारिया निकलती रहती है....



### शायरी


अब के बारिश में तो ये कार-ए-ज़ियाँ होना ही था
अपनी कच्ची बस्तियों को बे-निशाँ होना ही था

### अर्थसार



संसेक्स:
80,567.71
+409.83 (0.51%)
निफ्टी:
24,715.05
+135.45

### मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 6 : 04
सूर्यास्त गुरुवार : 6 : 50

# रोटी-पिज्जा, दूध जीएसटी फ्री; हेल्थ-लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स नहीं

## जीएसटी के अब केवल दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत; 22 सितंबर से लागू होंगे

**नई दिल्ली।** अब जीएसटी के 4 की जगह केवल दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितंबर को इसकी जानकारी दी।




वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि दूध, रोटी, पिज्जा ब्रेड, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। वहीं इंडिविजुअल हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स नहीं लगेगा। 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं भी टैक्स फ्री होंगी। इसके अलावा लग्जरी आइटम्स और तंबाकू प्रोडक्ट्स पर अब 28 प्रतिशत की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाएगा। मध्यम और बड़ी कारें, 350 सीसी से ज्यादा इंजन वाली मोटरसाइकिलें इस स्लैब में आएंगे।

### नए स्लैब 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे

वित्त मंत्री ने बताया कि नए स्लैब नवरात्रि के पहले दिन यानी 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे। हालांकि, तंबाकू वाले सामान पर नई 40 प्रतिशत जीएसटी दर अभी लागू नहीं होगी। इन बदलावों का मकसद आम आदमी को राहत देना, छोटे व्यवसायों को सपोर्ट करना और हानिकारक उत्पादों जैसे तंबाकू पर टैक्स बढ़ाकर उनके उपयोग को कम करना है।

### विरोध प्रदर्शन



समाजवादी पार्टी के नेताओं ने लखनऊ में जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर किसानों के मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन किया।

# 2020 दिल्ली दंगा- शरजील इमाम, उमर खालिद की जमानत नामंजूर

- 9 याचिकाएं खारिज; हाईकोर्ट बोला- विरोध के नाम पर हिंसा अभिव्यक्ति की आजादी नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 2020 दंगों की साजिश से जुड़े केस में आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम समेत 9 की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। ये सभी आरोपी 2020 से जेल में हैं। इन्होंने ट्रायल कोर्ट से जमानत याचिका खारिज किए जाने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

दिल्ली पुलिस ने आरोप लगाया है कि उन्होंने मुस्लिम समुदाय के सदस्यों को बड़े पैमाने पर लामबंद करने के लिए सांप्रदायिक आधार पर भड़काऊ भाषण दिए। जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शैलिंदर कौर की बेंच कहा कि शरजील-उमर पर लगे आरोपों के मद्देनजर पहली नजर में साजिश में उनकी भूमिका गंभीर है। कोर्ट आरोपियों के वकील के इस तर्क को खारिज कर दिया कि दंगों के समय शरजील इमाम और उमर खालिद दिल्ली में नहीं थे।




### बेंच ने कहा- 2019 से एक्टिव हो गए थे दोनों

फैसला सुनाते हुए बेंच ने कहा, शरजील इमाम और उमर खालिद दिसंबर 2019 की शुरुआत में सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट के पारित होने के बाद सबसे पहले कार्रवाई करने वाले व्यक्ति थे। इन लोगों न व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर और मुस्लिम आबादी वाले इलाकों में पर्चे बांटकर विरोध प्रदर्शन और चक्का जाम का आह्वान किया, जिसमें जरूरी चीजों की आपूर्ति रोकना भी शामिल था। बेंच ने कहा - फरवरी 2020 में हुई हिंसा में 53 लोगों की जान गई थी। आम जनता और पुलिस अधिकारी घायल हुए और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचा, इसलिए अपीलकर्ता जमानत के हकदार नहीं हैं।

### मराठा आंदोलन; आजाद मैदान से 125 टन कचरा निकला

**मुंबई।** बृहन्मुंबई नगर निगम ने बुधवार को बताया कि 29 अगस्त से 2 सितंबर तक चले मराठा आरक्षण आंदोलन के दौरान आजाद मैदान और उसके आसपास के इलाकों से 125 मीट्रिक टन से ज्यादा कचरा निकला। 5 दिनों तक कुल 466 कर्मचारी सफाई में लगे हुए थे। न्यूज एजेंसी से बात करते हुए, बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि 29 अगस्त को आंदोलन के पहले दिन मैदान से चार मीट्रिक टन कचरा निकला था। 30 अगस्त को 7 मीट्रिक टन, 31 अगस्त और 1 सितंबर को 30-30 टन कचरा जमा हुआ था। 2 सितंबर को सबसे ज्यादा 57 टन कचरा मिला। दूसरी तरफ, बॉम्बे हाईकोर्ट ने मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे से पूछा कि प्रदर्शनकारियों पर मुंबई में बड़े पैमाने पर सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने का भी आरोप है। इसकी भरपाई कौन करेगा? जरांगे के वकील सतीश मानेशिंदे ने आरोपों से इनकार किया है और कहा कि पुरानी तस्वीरें के भ्रम फैलाया जा रहा है।

# दिल्ली -एनसीआर 'पानी-पानी'



- दिल्ली एयरपोर्ट पर 340 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले
- गाजियाबाद में एक मंजिल तक घर डूबे, नोएडा में दिन में छाया अंधेरा

**नई दिल्ली/चंडीगढ़/शिमला।** दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान समेत पूरे उत्तर भारत में बुधवार को तेज बारिश के कारण नदियां उफान पर है। बाढ़ के कारण यहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, इन राज्यों के कई हिस्सों में अगले 24 घंटे में तेज बारिश होने की आशंका है।

दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में सुबह की बारिश के बाद पुराने रेलवे पुल पर यमुना का जलस्तर खतरे के निशान (205.33) से ज्यादा 207 मीटर तक पहुंच गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर 340 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हुई हैं। फ्लाइट ट्रैकर एजेंसी फ्लाइटरडार24 के मुताबिक, शाम 5 बजे तक 273 उड़ानों का डिपार्चर और 73 उड़ानों का अराइवल देरी से हुआ। यमुना बाजार, ओल्ड उस्मानपुर, ओल्ड गढ़ी मेंडू, तिब्बती बाजार, मोनेस्ट्री मार्केट समेत निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। बुधवार को सभी स्कूल बंद रखे गए हैं। अब तक 12 हजार लोग घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जा चुके हैं।

यूपी के गाजियाबाद में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। कारें आधी डूब गईं। 7 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। कई जगह एक मंजिल तक घर डूब गए हैं। नोएडा में बुधवार दोपहर अंधेरा छा गया। यहां दोपहर को दो घंटे तेज बारिश हुई।

उत्तर प्रदेश के नोएडा में यमुना के जलस्तर के बढ़ने से 1000 फार्महाउस में पानी भर गया। यहां से लोगों को रेस्क्यू किया गया। मथुरा में बाढ़ से करीब 900 परिवार प्रभावित हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल की बाउंड्री तक पहुंच गया। शहर के कई घाट और 8 श्मशान घाट पानी में डूब गए।

हरियाणा में झज्जर, हिसार, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला के कई हिस्सों में 3-5 फीट तक पानी भरा है। यहां के 200 से ज्यादा स्कूल बंद हैं। अंबाला के सैकड़ों घरों में 2-4 फीट पानी भरा हुआ है। हथिनीकुंड बैराज से 67 घंटे से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है।

हिमाचल प्रदेश में 1300 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। पिछले 24 घंटे में 11 लोगों की मकान गिरने और लैंडस्लाइड में मौत हुई। आज सुबह कुल्लू में लैंडस्लाइड में 2 लोगों की मौत हो गई। कल शाम मंडी के सुंदरनगर में दो घरों पर लैंडस्लाइड हुई थी। हादसे में मरने वालों की संख्या 7 हो गई है। आज मलबे से 4 शव निकाले गए हैं। राज्य के 7 जिलों में स्कूल-कॉलेजों को बंद रखा गया है।

पंजाब में बुधवार को भी तेज बारिश जारी है। 23 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 1200 से ज्यादा गांवों में पानी भरा है। अब तक 30 लोगों की मौत हुई है। 3 लोग लापता हैं। सभी स्कूल-कॉलेजों को 7 सितंबर तक बंद करने का फैसला लिया गया है।

# केसीआर की बेटी कविता का पार्टी-एमएलसी पद से इस्तीफा

## एक दिन पहले बीआरएस से निलंबित किया गया था; भाइयों पर पार्टी तोड़ने का आरोप लगाया



एजेंसी

**हैदराबाद।** बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) नेता के. कविता ने बुधवार को पार्टी और एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया।

इससे एक दिन पहले ही उन्हें बीआरएस से अनुशासनहीनता और पार्टी-विरोधी कामों के आरोप में निलंबित किया गया था।

कविता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने भाई और पार्टी नेता केटी राम राव (केटीआर) को चेतावनी दी कि वह चचेरे भाइयों हरीश राव और संतोष राव पर भरोसा न करें।

उन्होंने कहा, इन्हीं दोनों की वजह से सीबीआई उनके पिता और पार्टी प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की जांच कर रही है। ऐसे नेता ही निजी फायदे के लिए परिवार को तोड़ रहे हैं। दरअसल, कविता ने 1 सितंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के सहयोगियों पर केसीआर की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था। इसके बाद 2 सितंबर को केसीआर ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था।

कविता 2014 से 2019 तक निजामाबाद से लोकसभा सांसद रह चुकी हैं। लंबे समय से पार्टी नेतृत्व को लेकर उनके भाई केटी रामा राव और चचेरे भाई टी हरीश राव के बीच विवाद की खबरें आ रही थीं।

### कविता बोलीं- केसीआर और केटीआर मेरे परिवार

कविता ने कहा कि केसीआर और केटीआर मेरे परिवार हैं। यह रिश्ता खून का है, इसे न तो पार्टी से निकाले जाने और न ही पद खोने से टूटना चाहिए। लेकिन कुछ लोग अपनी निजी और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के लिए हमारे परिवार को तोड़ना चाहते हैं। कविता ने आरोप लगाया कि पिता केसीआर पर उन्हें निलंबित करने का दबाव भी इन्हीं नेताओं ने डाला। उन्होंने कहा, मैं अपने पिता से अपील करती हूं कि आसपास के नेताओं की असली नीयत समझें। उन्होंने बीआरएस परिवार को तोड़ दिया और यह सब अपने स्वार्थ के लिए किया।

### छत्तीसगढ़ में जिला खनिज निधि घोटाले में ईडी के छापे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जिला खनिज निधि (डीएमएफ) घोटाले की जांच में फिर तेजी आई है। ईडी ने बुधवार सुबह रायपुर, राजिम, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर में पांच कृषि कारोबारियों के 18 स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई कृषि उपकरणों की खरीद में वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित है। इस मामले में कृषि कारोबारी और एक चार्टर्ड अकाउंटेंट आरोपित हैं। ईडी ने शंकरनगर में विनय गर्ग के निवास से कुछ इलेक्ट्रानिक डिवाइस भी जब्त किए हैं। विनय गर्ग, सतपाल छाबड़ा, पवन पोद्दार, शिवकुमार मोदी और उगम राज कोठारी के आवासों और दुकानों पर दबिश दी गई। पवन पोद्दार, जो ओडिशा के निवासी हैं, पिछले 15 वर्षों से रायपुर में कृषि सामग्रियों का बड़ा कारोबार कर रहे हैं।

# हिमाचल में बस पर चट्टानें गिरी, 2 महिलाओं की मौत

## महाराष्ट्र-केरल और यूपी के टूरिस्ट घायल; रामपुर से शिमला आते वक्त हादसा

एजेंसी

**रामपुर।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला के रामपुर में (बुधवार) यात्रियों से भरी चलती प्राइवेट बस पर पहाड़ी से बड़ी-बड़ी चट्टानें गिर गईं। इससे दो महिलाओं की मौके पर मौत हो गई, जबकि 11 यात्री घायल हैं। दो से तीन लोगों को हल्की चोटें आई हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घायलों का खनेरी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मरने वालों में महाराष्ट्र के जलगांव की लक्ष्मी विरानी और एक नेपाली मूल की महिला शामिल है। घायलों में मुंबई, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और केरल के टूरिस्ट भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, बाहरी राज्यों के टूरिस्ट किन्नौर के अलग-अलग क्षेत्रों में घूमने आए हुए थे और आज शिमला की तरफ लौट रहे थे। हादसे के वक्त बस में 15 से ज्यादा यात्री सवार थे।



# बोलेरो ने श्रद्धालुओं को रौंदा, 3 लोगो की मौत

## जशपुर में गणेश विसर्जन करने जा रहे थे, 20 से ज्यादा घायल; 5-5 लाख मुआवजे की घोषणा

**जशपुर/सरगुजा।** जशपुर जिले के जुरूडांड में गणेश विसर्जन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को तेज रफ्तार बोलेरो ने रौंद दिया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई और करीब 20 से ज्यादा घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है। गंभीर रूप से घायल 18 ग्रामीणों को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है।

यह मामला बगीचा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम जुरूडांड के श्रद्धालु मंगलवार रात गणेश विसर्जन के लिए बाजे-गाजे के साथ निकले थे। विसर्जन में करीब 150 श्रद्धालुओं की भीड़ थी। इस दौरान रात करीब 11 बजे रायकेरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो भीड़ में घुस गई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि मृतकों को 50-50 लाख और गंभीर घायलों को 5-5 लाख मुआवजा देना चाहिए।

### अल्पसंख्यकों को राहत

## पहले 2014 तक आए लोगों को परमिशन थी, सीएए के तहत केंद्र का फैसला

# पाक-अफगानिस्तान-बांग्लादेश के अल्पसंख्यक भारत में रह सकेंगे

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए वहां के अल्पसंख्यकों को राहत दी है।

अब ये शरणार्थी (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई) बिना पासपोर्ट के भारत में रह सकेंगे।

केंद्र ने नागरिकता संशोधन कानून के तहत पासपोर्ट नियमों में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर बताया कि इन समुदायों के लोग अगर वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के साथ भी आए थे और उनकी वैधता खत्म हो चुकी है, तब भी उन्हें रहने की छूट मिलेगी। पहले 2014 तक आए लोगों को परमिशन थी।



केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को देशभर में सीएए लागू किया था। सीएए के तहत इसी साल मई में पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गई थी।

### नेपाल-भूटान के नागरिकों को वीजा की जरूरत नहीं

केंद्र ने आज के आदेश में साफ किया कि नेपाल और भूटान के नागरिकों को भारत आने-जाने या यहां रहने के लिए पासपोर्ट और वीजा की जरूरत नहीं होगी, बशर्ते वे भारत में सीमा मार्ग से प्रवेश करें। यह व्यवस्था पहले की तरह ही जारी रहेगी। हालांकि, अगर कोई नेपाली या भूटानी नागरिक चीन, मकाऊ, हॉन्गकॉन्ग या पाकिस्तान से भारत आता है, तो उसके पास मान्य पासपोर्ट होना अनिवार्य होगा। भारतीय नागरिकों को भी नेपाल या भूटान की सीमा से भारत आने-जाने के लिए पासपोर्ट या वीजा की आवश्यकता नहीं है लेकिन अगर वे नेपाल या भूटान के अलावा किसी अन्य देश से भारत लौटते हैं (चीन, मकाऊ, हॉन्गकॉन्ग और पाकिस्तान को छोड़कर), तो उन्हें मान्य पासपोर्ट दिखाना होगा। भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के कर्मियों को जो ड्यूटी पर भारत में एंट्री या बाहर जा रहे हैं, उनके परिवार के सदस्यों को (अगर वे सरकारी परिवहन के साथ यात्रा कर रहे हों) पासपोर्ट या वीजा की जरूरत नहीं होगी।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्ध नगर
गुरुवार 04 सितंबर 2025
Www.vishalindia.in

# संपादकीय

## नफरत की राजनीति : भारत की आत्मा पर खतरा



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत की ताक़त उसकी विविधता है—भाषाओं का समंदर, धर्मों का संगम और संस्कृतियों का मेला। लेकिन आज यही ताक़त उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बनाई जा रही है। सत्ता और कुर्सी की भूख ने नफरत को राजनीति का हथियार बना दिया है। धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र—हर पहचान को बांटने का औज़ार बना दिया गया है।

### नफरत की राजनीति का खेल

यह राजनीति डर और शक पैदा करती है। झूठी खबरें, भड़काऊ बयान और सुनियोजित अफवाहें समाज को जला रही हैं। कभी मंदिर–मस्जिद, कभी दलित–सवर्ण, कभी उत्तर–दक्षिण—हर जगह दरारें डाली जा रही हैं। सोशल मीडिया ने इस ज़हर को और तेज़ी से फैलाने का साधन दे दिया है।

**नफरत कभी नफरत से नहीं मिटती, नफरत केवल प्रेम से मिटती है।**

**— महात्मा गांधी**

### सामाजिक और आर्थिक चोट

नफरत से सबसे पहले मरती है भाईचारे की आत्मा। जब समाज के लोग एक–दूसरे पर शक करने लगें, तो विकास का पहिया थम जाता है। निवेशक पीछे हटते हैं, व्यापार ठप होता है और रोज़गार सिकुड़ जाता है।

इतिहास गवाह है—जर्मनी में हिटलर और इटली में मुसोलिनी की नफरत ने कैसे पूरे देश को बरबादी की तरफ धकेल दिया। वही रास्ता भारत के सामने भी खड़ा है अगर हम चुप रहे।

**मनुष्य को केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक भाईचारे से बराबरी मिलती है।**

**— डॉ. भीमराव अंबेडकर**

### युवाओं पर सबसे बड़ा असर

देश का भविष्य युवा हैं, लेकिन नफरत की राजनीति उन्हें बेरोज़गारी और शिक्षा से भटकाकर झूठी लड़ाइयों में झोंक रही है। जो ऊर्जा किताबों और रोज़गार में लगनी चाहिए, वह नफरत भरी पोस्ट और रैलियों में बरबाद हो रही है। यह केवल व्यक्तिगत नहीं, राष्ट्रीय क्षति है।

**'हमें भाइयों की तरह साथ जीना सीखना होगा, वरना मूर्खों की तरह साथ मरना पड़ेगा।'**

**— मार्टिन लूथर किंग जूनियर**

### समाधान की राह

1. कानून का सख्ती से पालन – भड़काऊ भाषण और नफरत फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई।
2. शिक्षा में बदलाव–स्कूलों और कॉलेजों में विविधता और लोकतंत्र की असली शिक्षा।
3. सोशल मीडिया पर निगरानी – फेक न्यूज़ और हेट स्पीच पर त्वरित रोक।
4. नेताओं की ज़िम्मेदारी – विभाजन नहीं, एकता का संदेश।

**'द्वेष कभी द्वेष से शांत नहीं होता, द्वेष केवल प्रेम से शांत होता है—यह सनातन नियम है।'**

**— गौतम बुद्ध**

नफरत की राजनीति भारत की रगों में ज़हर घोल रही है। यह हमारी सामाजिक एकता और आर्थिक तरक्की दोनों को कमजोर कर रही है। हमें तय करना होगा कि हम इस आग को और भड़कने देंगे या मिलकर इसे बुझाएँगे।

भारत की ताक़त उसकी विविधता में है। अगर हमने इसे खो दिया, तो न तो 'नया भारत' बचेगा और न ही 'विकसित भारत' का सपना पूरा होगा। आज ज़रूरत है—नफरत नहीं, मोहब्बत की राजनीति की।

**'भारत की असली ताक़त उसकी विविधता में है, और इस विविधता को तोड़ना देश के भविष्य को तोड़ना है।'**

**— जवाहरलाल नेहरू**

## तुम्हें क़सम इस मिट्टी की

**तुम्हें क़सम इस मिट्टी की,**
**अब चोरों को वोट नहीं देना।**

आग पेट की बुझा न सके,
पर महँगाई की आग लगाई।
उनके झूठे वादों में अब,
मत फँसना मेरे भाई।
भारत माँ से तनिक प्यार हो,
तो झूठों को वोट नहीं देना।
तुम्हें क़सम गंगा–यमुना की,
अब चोरों को वोट नहीं देना।

सत्ता की कुर्सी से जो,
'मित्रो' के महल सजाते हैं।
अपने बच्चों को विदेश पढ़ाएँ,
तुम्हारे बच्चों से नारे लगवाते हैं।
भगत सिंह को पढ़ लेना तुम,
मक्कारों को वोट नहीं देना।
तुम्हें क़सम खेतों की मिट्टी की,
अब चोरों को वोट नहीं देना।

धर्म–जाति का ज़हर घोलकर,
जनता को जो रोज़ लड़ाते हैं।
अपने बच्चों को ऊँचे पद दिलाकर,
हमारे सपनों को रुलाते हैं।
उनके बच्चों के खाते देखों,
चालाकों को वोट नहीं देना।


तुम्हें क़सम है बच्चों की,
अब चोरों को वोट नहीं देना।

नौकरियों का जुमला देकर,
तुम्हें जो बेरोज़गार बनाते हैं।
'आय दोगुनी' कहकर किसान के,
खेतों पर क़र्ज़ बढ़ाते हैं।
मरने को मजबूर किसान के,
हत्यारों को वोट नहीं देना।
तुम्हें क़सम है रोटी की,
अब चोरों को वोट नहीं देना।

शिक्षा–स्वास्थ्य के नाम पर,
जो बजट हर साल घटाते हैं।
अस्पतालों में दम तोड़ती भीड़,
काँवड़ पर फूल बरसाते हैं।
'काला धन, पंद्रह लाख' का,
जुमला वालो को वोट नहीं देना
कसम तुम्हें है नोटों की,
अब चोरों को वोट नहीं देना।
रेल, एयरपोर्ट, कोयला, बैंक—
सब पूँजीपतियों को बेचा है।
जनता को बस क़र्ज़ मिला,
भारत माँ का खज़ाना लूटा है।
चीन का कब्ज़ा जगजाहिर है,
माँ के गद्दारों को वोट नहीं देना।
तुम्हें क़सम शहीदों की,
अब चोरों को वोट नहीं देना।

# तो क्या यही 'ज्ञान' हमें विश्व गुरु बनायेंगे ?

निर्मल रानी




हमारा देश भारतवर्ष कभी न कभी ज़रूर विश्व गुरु रहा होगा। इसके लक्षण तो आप आज भी देख सकते हैं। जगह जगह लोग आपको सलाह देने वाले, घरेलु नुस्ख़ा या टोटका बताने वाले मिल जायेंगे। जो स्वयं अपने ही भविष्य के बारे में अनजान हैं ऐसे तमाम लोग फुट पाथ से लेकर बड़े बड़े आधुनिक कार्यालयों तक में बैठे भविष्य वक्ता आपको पूरे देश में बैठे मिल जायेंगे। । भारत चूँकि अपना भविष्य जानने वाले जिज्ञासुओं का एक बड़ा बाज़ार है। इसलिये तमाम बाबाओं व ज्योतषियों की दुकानदारी इसी पर चल रही है। हमारे देश का एक काफ़ी बड़ा वर्ग इन अवैज्ञानिक व ग़ैर तार्किक बातों पर विश्वास भी करता है। आप देखिये कि भारत ही अकेला ऐसा देश है जहाँ करोड़ों रूपये कोठी निर्माण पर ख़र्च करने के बाद कोठी के मस्तक पर नज़रबट्टू भूत लगाना नहीं भूलते,कहीं जूता या काला टायर भी लटका मिल जायेगा। यह हमारे देश के शिक्षित व संपन्न लोगों का हाल है तो ग़रीबों या अशिक्षित लोगों की बौद्धिकता पर सवाल ही क्या उठाना ? बहरहाल,चूँकि हमारे देश के अधिकांश जनता अशिक्षित परन्तु धार्मिक प्रवृति की है इसलिये स्वयं को पढ़े लिखा कहने वाले कुछ चतुर्बुद्धि लोग उनकी सादगी,शराफ़त,भोलेपन,धार्मिक आस्था व विश्वास का लाभ उठाकर तरह तरह की धार्मिक व पौराणिक बातें बताकर उन्हें यह जताने की कोशिश करते हैं की हम चूँकि समान आस्था विश्वास व विचार वाले हैं इसलिये हम ही तुम्हारे शुभचिंतक हैं। लिहाज़ा हमें वोट दो और हमें सत्ता में बने रहने दो। परन्तु वैज्ञानिक व तार्किक सोच रखने वाले लोग जब इन्हें व इनके तर्कों को ख़ारिज करते हैं तो यह लोग बड़ी चतुराई व शातिरपने से सही बातों को झुठलाने के लिये इस पढ़े लिखे व तर्कशील वर्ग को अधार्मिक,धर्मद्रोही और ज़रूरत पड़ने पर राष्ट्रद्रोही भी बता देता है। गोया सच को झूठ और झूठ को सच बताने लगता है। और इससे बड़ा दुर्भाग्य यह कि लालची प्रोपेगंडा गोदी मीडिया भी इस घातक मिशन में ऐसे लोगों का साथ देता है।

उदाहरण के तौर पर इस्लामी यहूदी व ईसाई धर्म में समान रूप से माने जाने वाले पैग़ंबर हज़रत मूसा के बारे में एक क़िस्सा प्रचलित है कि उन्होंने अल्लाह के हुक्म से चमत्कारिक रूप से लाल सागर को दो हिस्सों में विभाजित कर दिया था । बताया जाता है कि जब फ़िरऔन की सेना ने मूसा और उनके अनुयायियों को मारने के लिये उनका पीछा किया, तो मूसा ने अपने असा (एक प्रकार की छड़ी ) को समुद्र पर मारा। उसी समय अल्लाह ने समुद्र को दो भागों में बाँट दिया, जिससे मूसा व उनके समर्थक समुद्र पर कर गये परन्तु जब समुद्र के बीच बने इसी रस्ते से फ़िरऔन की सेना ने उनका पीछा किया, तो समुद्र फिर से मिल गया, और फ़िरऔन की सेना डूब गयी । इस घटना का उल्लेखन केवल कुरान नहीं बल्कि बाइबिल में भी मौजूद है। परन्तु क्या इस बात पर इस्लामी यहूदी व ईसाई धर्म के लोगों के अलावा किसी अन्य धर्म से सम्बन्ध रखने वाले तार्किक व वैज्ञानिक सोच के लोग विशवास करेंगे ? बिल्कुल नहीं क्योंकि उसके संस्कारों शिक्षा और उसके विश्वास या मान्यताओं में यह बातें हैं ही नहीं।

इस्लाम धर्म की ही एक क़िस्सा है जिसे पैग़ंबर हज़रत मुहम्मद के जीवन का एक सर्व प्रमुख चमत्कार माना जाता है। इसे इस्लामी इतिहास में शक़्क़–ए–क़मर यानी चाँद का दो टुकड़ों में बँटना,के नाम से जाना जाता है। मक्का की इस घटना के बारे में कहा जाता है कि जब कुरैश क़बीले के कुछ लोगों ने पैग़ंबर हजरत मुहम्मद की सिद्धि को परखने के लिये उनसे इस बड़े चमत्कार की माँग की। तब पैगंबर मुहम्मद ने अल्लाह की इजाज़त से चाँद को दो हिस्सों में बाँट दिया। कुछ देर तक अलग–अलग रहने के बाद चाँद फिर एक हो गया। इस %चमत्कार% का उल्लेख क़ुरआन में भी है। परन्तु इतिहास के दौर में घटी इस घटना और इसकी व्याख्या पर भी विद्वानों और इतिहासकारों में मतभेद हैं। कुछ की नज़रों में यह चमत्कार है जबकि कुछ की नज़रों में यह प्रतीकात्मक या आध्यात्मिक अर्थ की घटना।

इसी तरह पृथ्वी शेषनाग के फन पर टिकी है,हनुमान जी सूर्य निगल गये थे,चाहे समुद्र में वानरों द्वारा पत्थर फ़ेंक फ़ेंक कर लंका जाने का पुल तैयार कर देना हो,या फिर भगवान भोले शंकर द्वारा अपने ही पुत्र का सिर तन से जुदा कर उस पर हाथी का सर लगाने की बात हो,गणेश जी की सवारी चूहा हो या मछली के पेट से पैदा होने या घड़े से पैदा होने,मैल से पैदा होने की घटना या संजीवनी के लिये हनुमान जी द्वारा पूरा पर्वत उठा लाना,पुष्पक विमान होना और न जाने इस तरह की अनगिनत बातें जो हमें हमारे प्राचीन धार्मिक ग्रन्थ या धार्मिक पुस्तकें हमें बताती आई हैं उन पर हम आस्था वश या बचपन से मिले संस्कारों व धार्मिक ज्ञानों के नाते विश्वास तो ज़रूर कर करते हैं परन्तु यह बातें विज्ञान की कसौटी पर आज के वैज्ञानिक युग में क़तई खरी नहीं उतरतीं। इसलिये हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब मुंबई के एक अस्पताल के उद्घाटन के समय यह कहते हैं कि भगवान गणेश का हाथी का सिर मनुष्य के शरीर पर लगाना प्राचीन भारत में प्लास्टिक सर्जरी के अस्तित्व का प्रमाण है। जब वे कहते हैं कि हम भगवान गणेश की पूजा करते हैं, जिनका सिर हाथी का है। इसका मतलब है कि हमारे पूर्वजों को प्लास्टिक सर्जरी का ज्ञान था। प्रधानमंत्री का यह कथन निश्चित रूप से पौराणिक कथाओं पर आधारित है, परन्तु न तो इस घटना के ऐतिहासिक प्रमाण हैं न ही पुरातात्विक प्रमाण। वैज्ञानिक रूप से असमर्थित दावा होने की वजह से ही प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान की उस समय बहुत आलोचना हुई थी।


क्योंकि उनका यह बयान आधुनिक विज्ञान को मिथकों से जोड़कर अवैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने वाला माना गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने ही उन्हीं दिनों कहा था कि महाभारत में कर्ण अपनी मां के गर्भ से बाहर पैदा हुआ था, इसका मतलब है कि उस समय जेनेटिक साइंस मौजूद था। वैज्ञानिक समुदाय ने इसे अस्वीकार किया, क्योंकि यह भी पौराणिक कहानी पर आधारित है और आधुनिक जेनेटिक्स से इसका कोई संबंध नहीं है। मोदी वैसे भी नाली के गैस से चाय बनाना बादलों में रडार का काम न करना जैसे न जाने कितने हास्यास्पद दावे करते रहे हैं जो हमारे देश के शिक्षार्थियों व वैज्ञानिक सोच रखने वालों के लिये ख़तरनाक हैं। दुनिया भी ऐसी बातों का मज़ाक़ उड़ाती है। इसी तरह गत दिनों केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के ऊना ज़िले के पीएम श्री स्कूल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए छात्रों से पूछा : अंतरिक्ष में यात्रा करने वाला पहला यात्री कौन था? उस समय अधिकांश छात्रों ने नील आर्मस्ट्रॉन्ग का नाम लिया जो अंतरिक्ष में नहीं बल्कि चंद्रमा पर पहला क़दम रखने वाले पहले यात्री थे। हालांकि कुछ छात्रों ने रूस के यूरी गागरिन का नाम भी लिया जो अंतरिक्ष में पहले मानव यात्री थे। परन्तु अनुराग ठाकुर ने बच्चों का जवाब सुनकर कहा मुझे तो लगता है हनुमान जी थे। साथ ही उन्होंने यह ज्ञान भी दिया कि छात्रों को टेक्स्टबुक से बाहर निकलकर अपनी प्राचीन परंपरा, वेदों और संस्कृति की ओर देखना चाहिए, क्योंकि जब तक हमें अपनी हज़ारों वर्ष पुरानी परंपरा, व संस्कृति का ज्ञान नहीं होगा, तब तक अंग्रेज़ों ने जो हमें दिखाया है, वहीं तक हम सीमित होकर रह जाएंगे।

अब ज़रा बताइये देश का नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्री स्तर के लोगों के ज्ञान से प्रेरित कोई बच्चा यदि नासा में या अन्य किसी वैज्ञानिक मंच पर अपने साक्षात्कार में यही सब बताने लगेगा तो क्या उसे सफलता मिलेगी ? वैसी भी सीधे सादे लोगों में स्वयं को धर्म और आस्था का बहुत बड़ा पैरोकार बताकर लोगों को अज्ञान में धकेलने की कोशिश करना देश के युवाओं के भविष्य के साथ बड़ा धोखा है। वास्तव में इस तरह का महाज्ञान सभी धर्मों में उनके धर्मगुरुओं के मुंह से तो शोभा दे सकता है राजनेताओं के मुंह से क़तई नहीं। ज़रा सोचिये कि क्या इसी तरह के ज्ञान हमें विश्व गुरु बनायेंगे ?


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3640




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 3639 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमिका : मेरे होंठ गुलाब की पंखुड़ी जैसे हैं ना।
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी आँखें कमल के फूल जैसी हैं ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी आवाज कोयल जैसी है ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी चाल मोरनी जैसी है ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : ओह! तुम कितनी अच्छी बातें करते हो।

□ □ □

एक दिलफेंक आशिक ने एक युवती को पकड़ा और सरेआम किस कर दिया।
युवती बोली– तुमने ये क्या किया?
युवक– तो इसे कहते हैं डायरेक्ट मार्केटिंग।
युवती ने युवक का कॉलर जोर से पकड़ा और खींचकर एक जोर का चाँटा रसीद कर दिया।
युवक– अब ये क्या था?
युवती– इसे कहते हैं कस्टमर फीडबैक।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3640



**बायें से दायें:-**

१. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'जब दिल चुराए' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली धर्मेन्द्र, रेखा की फिल्म-३
५. सलमान, नगमा की 'चांदनी रात है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'टुट गई तड़क करके' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
८. अनिल धवन, रेहाना सुल्तान की 'दिल बेचैन रहा' गीत वाली फिल्म-२,२
९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजयदत्त, सलमान खान, रवीना की फिल्म-२
१०. डैनी, विनोद मेहरा, मौसमी की 'संसार है एक' गीत वाली फिल्म-३
११. 'गाड़ी बुला रही है' गीत वाली धर्मेन्द्र हेमा की फिल्म-२
१३. जीतेन्द्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'वो लड़की बहुत' गीत वाली अजय देवगन, नेहा धूपिया की फिल्म-४
२०. बॉबी, अक्षय खन्ना, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'मुझे साजन के' गीत वाली अनिल, जैकी, मनीषा, माधुरी की फिल्म-२
२२. सनी, सुनील, सेलिना की 'प्यार होने लगा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल की फिल्म-२
२७. फरदीन खान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'लाल लाल होठों पे' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२९. फिल्म 'एलओसी' में अजय देवगन के साथ किस की जोड़ी है-२
३०. 'सोल्जर' में प्रीति का नायक ?-२
३१. 'मेरे दिल का पता' गीत वाली राहुल राय, दीपक, पूजा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दुनिया हसीनों का' गीत वाली बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२. अनिल धवन, नीतूसिंह की 'अपने दिल में जगह' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं निकला' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
४. करण दीवान, वैजयंती की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
५. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली शाहरूख, काजोल, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-४
६. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'बांसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'मिलने से पहले' गीत वाली शरद कपूर, मुकुल आनंद, सुष्मिता की फिल्म-३
१२. विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'एक तो ये बैरी' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
१६. रितिक, करीना की 'ए री रे एरी क्या है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आपका चेहरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, सोनू, पल्लवी की फिल्म-४
१८. गोविंदा, ऋषिकपूर, नीलम, मीनाक्षी की 'तेरे डैडी ने दिया' गीत वाली फिल्म-३
१९. शाहरूख, सैफ, प्रीती जिंटा की 'कुछ तो हुआ है' गीत वाली फिल्म-२,१,१,१
२३. अमिताभ, सलमान, हेमा की 'चली चली फिर चली' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'इंतहा हो गई' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3639



## सूडोकु -3640

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3639 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## शब्द पहेली - 3640



**बाएँ से दाएँ**

1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

शब्द पहेली -3639 का हल



# डिफाल्टर की सूची होगी ऑनलाइन

## सभी बड़े बकायदारों को जारी होंगे नोटिस, सीईओ ने दिए निर्देश



**नोएडा।** नोएडा में अब प्राधिकरण के सभी विभागों से जारी होने वाले नोटिस और डिफाल्टर की सूची ऑनलाइन उपलब्ध होगी। इसे नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिससे आवंटियों को सही जानकारी मिल सके और संपत्ति खरीद-फरोख्त में होने वाली जालसाजी रोकी जा सके।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बुधवार को बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री, करुण करुणेश और ओएसडी महेंद्र प्रसाद समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### भूखंड आवंटन योजना की समीक्षा होगी

सीईओ ने परिसंपत्ति विभाग को मौजूदा भूखंड आवंटन योजना की समीक्षा करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि एक महीने के भीतर स्कूटनी पूरी कर आवंटन जारी किया जाए और अतिरिक्त भूखंड आवंटन की योजना भी तैयार की जाए। साथ ही सभी बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी करने और क्रोनिक डिफाल्टर के खिलाफ आरसी जारी करने को कहा।

### सीईओ का बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा



बैठक के बाद सीईओ लोकेश एम ने सेक्टर-150 समेत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने राहत शिविरों में पहुंचे परिवारों से बातचीत की और कम्युनिटी किचन का जायजा लिया। निर्देश दिए कि बाढ़ पीड़ितों को सूखा भोजन जैसे बिस्कुट, नमकीन और फल उपलब्ध कराए जाएं और सभी परिवारों के लिए पर्याप्त भोजन की व्यवस्था हो।

### मेडिकल और राहत इंतजाम पर जोर

सीईओ ने कहा कि सीएमओ से समन्वय कर मेडिकल जांच की व्यवस्था की जाए। जानवरों और कुत्तों की देखभाल के लिए अलग प्रबंध हों। साथ ही प्रभावित इलाकों में उच्च गुणवत्ता वाले टेंट, कैनोपी और मोबाइल शौचालयों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो।

सीईओ ने जल्द से जल्द प्रहरी सॉफ्टवेयर शुरू करने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, प्राधिकरण क्षेत्र में प्लास्टिक के बढ़ते प्रयोग को रोकने के लिए सभी विभागों से मिलकर सख्त कार्रवाई करने के आदेश भी दिए।

### पहलगाम आतंकी हमले में फंडिंग दिखा ठगे 44 लाख

**नोएडा।** पहलगाम आतंकी हमले और ड्रग्स की तस्करी समेत अन्य अवैध और अनैतिक गतिविधियों में आधार कार्ड और मोबाइल नंबर का इस्तेमाल होने का डर दिखाकर साइबर अपराधियों ने एक बुजुर्ग महिला के साथ 44 लाख रुपए की ठगी कर ली। महिला को 23 दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा गया। शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, उन खातों को खंगाल जा रहा है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर 41 निवासी सरला देवी ने बताया कि उनकी उम्र 76 साल है और घर में अकेली रहती हैं। उनके पास 18 जुलाई को कथित एयरटेल कर्मी नेहा नाम की महिला का फोन आया था। उसने उनके नाम पर मुंबई बायकुला की एक दुकान में नंबर चलना बताया। सरला देवी को बताया गया कि नंबर का उपयोग जुआ व ब्लैकमेलिंग में होने के चलते मुबंई पुलिस से क्लीयरेंस प्रमाण पत्र लेना होगा। इसके बाद सरला के पास कथित मुंबई क्राइम ब्रांच से एसीपी संजय सिंह ने कॉल की।

# यमुना पुश्ता रोड पर बनी झुग्गियों में भरा पानी

## नोएडा में 1.5 हजार फार्म हाउस डूबे, ट्रैक्टर से बाहर निकाले जा रहे सामान



**नोएडा।** नोएडा में यमुना का जलस्तर बढ़ने से नोएडा के डूब क्षेत्र में हालात बिगड़ गए हैं।

यहां दो दिन से पानी भरने के बाद लोग पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। सबसे ज्यादा असर सेक्टर-133, 134, 135, 150 और 168 इलाके में देखा जा रहा है। इन जगहों पर करीब 1,500 से ज्यादा फार्महाउस पानी में डूब गए हैं।

प्रशासन ने पुश्ता एरिया को पूरी तरह खाली करा दिया है। नगली वाजिदपुर के बारातघर और दो अन्य जगहों पर राहत कैंप बनाए गए हैं। यहां सामुदायिक किचन चलाया जा रहा है ताकि प्रभावित लोगों को खाने की परेशानी न हो।

### 16 किमी तक झुग्गियां

पुश्ता रोड करीब 16 किलोमीटर लंबी है। सेक्टर-94 से 168 तक लोग झुग्गियां डालकर रहने लगे हैं। इनमें ज्यादातर वही लोग हैं, जो फार्महाउस, नर्सरी और खेतों में मजदूरी करते थे। प्रशासन के अलर्ट के बाद ये लोग अपना सामान लेकर बाहर आ गए और अस्थायी झुग्गियों में शरण ले ली। लोग खुद ही खाना बनाकर बच्चों का पालन-पोषण कर रहे हैं। हालांकि अब भी कई परिवार ऐसे हैं जिन तक प्रशासन की मदद नहीं पहुंची है। सबसे ज्यादा दिक्कत शौचालय और डॉक्टर की कमी को लेकर है।

लोग कह रहे हैं कि अगर जल्द इंतजाम न हुआ तो बीमारी फैलने का खतरा बढ़ सकता है।

### 100 मीटर तक यमुना का पानी, फसलें और पौधे डूबे

बाढ़ से प्रभावित इलाकों में बच्चे, बुजुर्ग और नौजवान सभी परेशान हैं। जो लोग सुरक्षित बाहर आ चुके हैं, वे अब अंदर फंसे लोगों का सामान निकालने में मदद कर रहे हैं। यमुना पुश्ता से करीब 100 मीटर अंदर तक पानी घुस चुका है। यह तब हुआ जब हरियाणा के हथनी कुंड बैराज से करीब 3 लाख 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

### 5 से 10 फीट तक पानी, ट्रैक्टर से हो रहा सामान बाहर

कई जगहों पर 5 से 10 फीट तक पानी भरा हुआ है। लोग अब भी ट्रैक्टर की मदद से अंदर जा रहे हैं और बचा हुआ सामान निकालकर बाहर ला रहे हैं। हालांकि हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं और लोगों के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने की चुनौती खड़ी हो गई है।

# नाली को लेकर हुए विवाद के बाद दबंगो ने पीड़ित को मोटरसाइकिल से मारी टक्कर

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के थाना बिसरख क्षेत्र के ईंटेहरा गांव में नाली को लेकर हुए विवाद के बाद दबंगो एक युवक के साथ घर में घुसकर मारपीट की और जब युवक ने बचने के लिए भागने की कोशिश की तो उसे मोटरसाइकिल से टक्कर मार कर जान से करने का प्रयास किया। सारी घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है परिजनों का आरोप है, इस मामले में पुलिस उनकी एफआईआर नहीं दर्ज कर रही है और समझौते का दबाव बना रही है। बता दे कि सीसीटीवी में कैद हुई घटना में देखा जा सकता है कि, पहले कुछ लोग आकर युवक के साथ मारपीट करते हैं और जब युवक बचने की कोशिश करता है, तभी एक दबंग तेज मोटरसाइकिल चलाते हुए उसे टक्कर मार देता है. जिसमें युवक को गंभीर चोटें आई हैं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक का नाम अनुज यादव है. उसका कहना है कि इन दबंगों के साथ उसका नाली को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके कारण दबंगों ने से जानने से करने का प्रयास किया है।

अनुज को गंभीर चोटें आई हैं इस मारपीट में उसका एक दांत भी टूट गया है और उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। अनुज की बहन का कहना है कि पुलिस इस मामले में उन पर समझौता करने का दबाव बना रही है, घटना के बाद से ही उनकी शिकायत नहीं ली जा रही है और उन्हें चौकिया का चक्कर लगाना पड़ रहा है, उन्होंने न्याय के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि दो पक्षों में नाली बंद करने एवं घर के सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके सम्बन्ध में थाना बिसरख पर दोनों पक्षों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत है।

## यमुना का पानी सेक्टर 150 में पुस्ता तक पहुंचा

**गौतम बुद्ध नगर।** हथिनी कुंड बैराज से छोड़े गए पानी के कारण यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। दिल्ली एनसीआर में बाढ़ की स्थिति बन गई है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 150 में यमुना का पानी पुस्ता तक पहुंच गया है। डूब क्षेत्र में स्थित सभी फार्म हाउस जलमग्न हो गए हैं। पुलिस प्रशासन ने फार्म हाउस में रह रहे सैकड़ों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। कुछ लोगों ने पुस्ता के ऊपर अस्थायी झुग्गियां बना ली हैं। बाढ़ से सैकड़ों बीघा फसल नष्ट हो गई है। पुलिस टीमें ट्रैक्टर से क्षेत्र की निगरानी कर रही हैं। लाउडस्पीकर से घोषणा करके लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा जा रहा है। प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों के लिए बाढ़ संग्रहालय में रहने की व्यवस्था की है। उनके भोजन का प्रबंध भी किया जा रहा है।

# नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के अंतर्गत किसान गोष्ठी का किया आयोजन

**गौतम बुद्ध नगर।** अध्यक्ष/प्रभारी खंड विकास अधिकारी दादरी गौतम बुद्ध नगर की अध्यक्षता में जनपद में नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के अंतर्गत इफको द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन विकास खण्ड, दादरी (ब्लॉक सभागार) में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ए0डी0ओ0 ए0जी0 राकेश कुमार शर्मा, ए0डी0ओ0 पंचायत मंजू , पी.पी.एफ विशाल गौरव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इफको के क्षेत्रीय प्रतिनिधि चौधरी भूपेन्द्र द्वारा सभी पदाधिकारियों तथा किसान भाईयों का संबोधन करते हुये कहा कि दानेदार यूरिया खाद का अत्यधिक प्रयोग मिटटी, पानी व हवा को प्रदूषित कर रहा है, जिससे कैंसर जैसी भयंकर बीमारियों फैल रही है, उन्होंने सभी किसानो को नैनो उर्वरक तथा जैव उर्वरक का प्रयोग करने के लिये कहा। उन्होंने पारंपरिक खाद की





तुलना में नैनो उर्वरक का अधिक प्रयोग करके किसान बेहतर पैदावार ले सकता है।

प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी अनिल द्वारा सभी किसान भाईयों को नैनो उर्वरक का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिये कहा जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कृषि उत्पादन भी बेहतर हो। कार्यक्रम में ए0डी0ओ0 ए0जी0 राकेश शर्मा द्वारा बताया गया कि नैनो यूरिया तथा नैनो डी0ए0पी0 एक स्वदेशी उर्वरक है तथा यह आत्मनिर्भर भारत तथा आत्मनिर्भर कृषि की परिकल्पना को साकार करने में सक्षम है।

पी0पी0एस0 विशाल गौरव द्वारा नैनो टैक्नोलॉजी तथा नैनो डी0ए0पी0 से बीज उपचार तथा जड शोधन के बारे में बताया तथा बताया कि किस तरह से हम धान की फसल में जड शोधन और स्प्रे के माध्यम से नैनो उर्वरक व नैनो डी0ए0पी0 का प्रयोग कर सकते है।

आयोजित कार्यक्रम कार्यक्रम में समस्त कृषक तथा कृषि विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन इफको एस0एफ0ए0 रमन तोमर द्वारा किया गया।

## शार्ट न्यूज

### नोएडा में विपुल मोटर्स में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-63 ए-14 स्थित विपुल मोटर में आग लग गई। मौके पर आठ दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से कोई जनहानि नहीं है। हालांकि सर्विस सेंटर पर खड़ी करीब 8 कार जलकर राख हो गईं। सीएफओ ने बताया कि रात करीब पौने दो बजे आग लगने की जानकारी मिली, जिसके बाद दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। यहां देखा कि आग फर्स्ट और सेकेंड फ्लोर तक बढ़ गई है, जिसे बुझाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। गार्ड ने आग लगने की जानकारी दी थी। उसी ने बताया कि यहां कार सर्विस होने के लिए आती है। ग्राउंड फ्लोर पर सात से आठ कार खड़ी थी। जिसमें से किसी एक कार में आग लगी। इसके बाद बाकी कारों को उसने अपनी चपेट में ले लिया। संभवना जताई जा रही है कि कही पर शॉट सर्किट हुआ होगा। जिसके चलते आग फैली। आग तेजी से फर्स्ट और सेकेंड फ्लोर तक फैल गई, जिस पर काबू पाया गया। इसके अलावा आसपास की कंपनियों के दीवारों पर पानी का छिड़काव किया गया, ताकि वहां आग न फैले। आग से लाखों रुपए का नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। हालांकि आग में कोई फंसा नहीं है और न ही कोई जनहानि हुई है।

### 37 दिन से धरने पर बैठे किसान

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में यमुना एक्सप्रेसवे किसानों का धरना 37वें दिन भी जारी है। भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज के नेतृत्व में चल रहे धरने की अध्यक्षता मनवीर भाटी कर रहे हैं। किसानों ने कहा कि 1 सितंबर को प्राधिकरण अधिकारियों ने उनकी प्रमुख मांगों पर कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया। ये मांगें हैं - अंतरधनराशि, अवार्ड न किए गए नंबरों का मुआवजा और यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे आवासीय प्लॉट। अधिकारियों ने आवासीय प्लॉट और अतिरिक्त मुआवजे के मुद्दों को दो महीने में निपटाने का वादा किया है। साथ ही अवादी निस्तारण में ब्याज दर माफी का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखने की बात कही है। स्थानीय मांगों पर अधिकारियों ने सकारात्मक रुख दिखाया है। इनमें जेवर तक सर्विस रोड, जेवर टोल फ्री, मृत मवेशियों की समस्या और जेवर बाईपास शामिल हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि 15 सितंबर तक धरना शांतिपूर्वक चलेगा। उसके बाद 16 सितंबर से आंदोलन तेज किया जाएगा। उनकी मांग है कि यमुना एक्सप्रेसवे के आवासीय प्लॉट, अतिरिक्त मुआवजा, अवादी निस्तारण और अवार्ड-1 व अवार्ड-2 की अंतरधनराशि स्वीकृत की जाए।

### विद्यार्थी व्यावसायिक शिक्षा में दक्ष बनेंगे

**नोएडा।** जिले में यूपी बोर्ड के कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से व्यावसायिक शिक्षा दी जाएगी। व्यावसायिक शिक्षा में दक्ष बनाने के लिए विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अपने हुनर को भी संवारेंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने विद्यार्थियों को औपचारिक शिक्षा के साथ कौशल आधारित शिक्षा पर जोर दिया है। नई शिक्षा नीति के तहत यूपी बोर्ड के स्कूलों में बच्चों को व्यावसाय और स्वरोजगार में दक्ष बनाने के लिए व्यावसायिक शिक्षा दिए जाने का निर्णय लिया है। पहले चरण में नोएडा शहर के राजकीय विद्यालयों को शामिल किया जाएगा, जहां पहले से ही व्यावसायिक शिक्षा के संसाधन उपलब्ध हैं।व्यावसायिक शिक्षा में आईटीआई, पॉलिटेक्निक और घरेलू परिधान पर फोकस करते हुए बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें स्थानीय मांग और आवश्यकता के अनुसार विद्यालयों में ट्रेड्स का निर्धारण किया जाएगा। फिलहाल विद्यार्थियों को आईटी, परिधान और पॉवर से जुडे छह व्यवसायिक कोर्स कराए जाएंगे। सभी कोर्स 12 से 15 महीने के है। इनमें विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# नोएडा में झमाझम बारिश, सड़कों पर जलभराव

## लोगों को आवाजाही में हो रही दिक्कत, मौसम विभाग का अलर्ट जारी

**नोएडा।** नोएडा में बुधवार सुबह से आसमान में हल्के बादल छाए रहे। दोपहर होते-होते काले बादल घिर आए और तेज बारिश शुरू हो गई। करीब घंटेभर की बारिश ने शहर की नालियों को ओवरफ्लो कर दिया और सड़कें तालाब जैसी दिखने लगीं। जलभराव होने से लोगों की आवाजाही में काफी परेशानी होनी लगी।

हालांकि, बारिश रुकने के बाद पानी धीरे-धीरे निकलने लगा। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहा। हवा की रफ्तार 8 से 10 किमी प्रतिघंटा रही और वातावरण में नमी की मात्रा 95 प्रतिशत तक पहुंच गई।

### बारिश की वजह से आज स्कूल बंद रहा

मौसम विभाग की मानें तो 2 दिनों में



हल्की रुक रुक कर बारिश होने की संभावना है। बारिश के अलर्ट को देखते हुए प्रशासन ने बुधवार को स्कूल बंद रखने का आदेश दिया। नोएडा में सेक्टर-6, हरौला, सेक्टर-1,2,3,4 , नयाबांस के अलावा अन्य स्थानों पर जल भराव की समस्या हुई। इससे यातायात प्रभावित हुआ।

इसके अलावा एक्सप्रेस वे लिंक रोड पर जाम की सामना लोगों को करना पड़ा। वहीं सेक्टर-62 , 58 में सड़क के किनारों पर जलभराव जैसी स्थिति रही।

### रेगुलेटर किए गए बंद

तेज बारिश और निचले इलाकों में पानी भराव को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए हैं। सेक्टर-168 स्थित शाहदरा ड्रेन के रेगुलेटर को बंद कर दिया गया, जिससे यमुना का पानी बैक फ्लो न कर पाए। इसके बावजूद कई स्थानों पर बरसाती नालियों में बैक फ्लो हुआ और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर फैल गया। लोग मजबूरी में उसी पानी से होकर गुजरते रहे।

### दो दिनों तक बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों तक रुक-रुक कर गरज के साथ बारिश हो सकती है। इससे जलभराव और ट्रैफिक की दिक्कतें बनी रह सकती हैं। प्रशासन ने निचले इलाकों और डूब क्षेत्रों में अलर्ट जारी कर दिया है।

2023 की बाढ़ की याद ताजा करते हुए प्रशासन ने बताया कि उस समय यमुना पुश्ता से करीब 1200 लोगों को रेस्क्यू करना पड़ा था। इस बार हालात बिगड़ने न दें, इसके लिए डूब क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर हटाया जा रहा है।

# निक्की मामले में महिला आयोग को भेजी रिपोर्ट

नोएडा। निक्की भाटी प्रकरण में पुलिस ने अपनी रिपोर्ट उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को भेजी है। रिपोर्ट में मुख्य आरोपी विपिन भाटी की मुठभेड़ के बाद गिरफ्तारी और जेल भेजे जाने का ब्योरा शामिल है। इसके साथ ही अन्य आरोपित ससुर, सास और जेठ की गिरफ्तारी की जानकारी भी दी गई है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को भेजी गई रिपोर्ट में पुलिस ने विस्तार से बताया है कि अब तक किन-किन पहलुओं पर जांच की गई है। महिला आयोग इस मामले पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### सीसीटीवी फुटेज का किया जिक्र

महिला आयोग को भेजी रिपोर्ट में पुलिस ने अब तक की विवेचना में जुटाए गए साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज का जिक्र किया है। पुलिस ने साफ किया है कि घटना की हर एंगल से जांच की जा रही है। वहीं आरोपी पक्ष ने अदालत में अर्जी दाखिल कर सिरसा टोल प्लाजा की फुटेज सुरक्षित रखने की मांग की है, ताकि घटना के दौरान विपिन के भाई रोहित की मौजूदगी को साबित किया जा सके।

### वायरल वीडियो की एफएसएल जांच

मुख्य आरोपित विपिन के वकील मनोज भाटी ने कहा कि पुलिस की जांच अभी जारी है और पूरा ध्यान उसी पर केंद्रित है। उन्होंने दावा किया कि मेमो में सिलेंडर फटने से हादसा होने का उल्लेख है। इस आधार पर उनका कहना है कि मामला हत्या का नहीं बनता है। निक्की ने मृत्यु से पूर्व स्वयं दिए गए बयान में भी इसी बात का जिक्र किया था। ऐसे में जल्दबाजी में मीडिया ट्रायल करना उचित नहीं है।

# सेक्टर-105 में पहला ऑटोमोबाइल क्लस्टर बनेगा

## 10 हजार वर्गमीटर जमीन की गई चिह्नित, ग्राउंड प्लस तीन फ्लोर बनाए जाएंगे

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सभी प्रमुख कार शोरूमों को एक ही छत के नीचे लाने के लिए सेक्टर 105 में एक ऑटोमोबाइल क्लस्टर विकसित करने जा रही है। नोएडा एक्सप्रेसवे के पास 10,000 वर्ग मीटर में फैली यह परियोजना ग्राहक और डीलर, दोनों के लिए पर्याप्त जगह और बेहतर सुविधाएं देगी।

वर्तमान में अधिकांश ऑटोमोबाइल व आउटलेट शहर के सबसे व्यस्त रास्ते में से एक उद्योग मार्ग पर स्थित हैं। शोरूम में आने वाले लोग अपने वाहन सड़क किनारे पार्क कर देते हैं, जिससे सड़क पर अक्सर जाम लग जाता है, खासकर व्यस्त समय के दौरान।

पिछले साल सड़क के नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए 49 करोड़ रुपए मंजूर करने के बावजूद, यहां कंपनी से निगोसिएशन नहीं होने के



कारण काम आगे नहीं बढ़ सका। इस समस्या के समाधान के लिए प्राधिकरण ने अब इन आउटलेट्स को सेक्टर 105 में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। जहां तीन तरफ चौड़ी सड़कें हैं। जिससे यहां जाम नहीं लगेगा।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने कहा, इस परियोजना में सभी ऑटोमोबाइल ब्रांड एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे, यहां एक समान और खूबसूरती से डिजाइन किए गए आउटलेट होंगे। आगंतुकों के लिए यहां पहुंचना आसान होगा और उचित पार्किंग व अन्य सुविधा उपलब्ध होंगी। सीईओ ने आगे बताया कि प्राधिकरण स्वयं शोरूमों का स्वरूप तैयार करेगा और डिज़ाइन नियंत्रण अपने पास रखेगा। इस क्लस्टर में ग्राउंड प्लस तीन मंजिल तक शोरूम होंगे, जिससे पर्याप्त प्रदर्शन और सेवा स्थान सुनिश्चित होगा।

## यमुना का बढ़ा जलस्तर देखने गए युवक की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में यमुना नदी का बढ़ा जलस्तर देखने गए 22 वर्षीय युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अट्टा फतेहपुर गांव निवासी शमशेर के सबसे छोटे बेटे शहजाद के रूप में हुई है। मंगलवार रात से यमुना का जलस्तर बढ़कर बांध तक पहुंच गया था। बुधवार शाम को बांध पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हुई। शहजाद कुछ अन्य ग्रामीणों के साथ बढ़े हुए जलस्तर को देखने के लिए ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर चला गया। इसी दौरान पलवल की तरफ से आ रहे एक ट्रक ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के परिवार ने न तो पोस्टमार्टम कराया है और न ही कोई तहरीर दी है।

# गौतम बुद्ध नगर में भ्रष्टाचार के खिलाफ करप्शन फ्री इंडिया का प्रदर्शन

## करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन, विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** गौतम बुध नगर के जिला मुख्यालय में मौजूद खाद्य विभाग खनन विभाग शिक्षा विभाग चिकित्सा विभाग आबकारी विभाग निबंधन विभाग ग्राम विकास विभाग भू-जल विभाग में बढ़तें हुए भ्रष्टाचार के विरोध में करप्शन फ्री इंडिया संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रधान के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंचकर कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए भ्रष्टाचार को समाप्त करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी मेधा रूपम को संबोधित ज्ञापन एडीएम मंगलेश दुबे को सौंपा।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय व मा.दिनेश नागर ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर में खाद्य विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही एवं भ्रष्टाचार के कारण दबाकर नकली घी पनीर एवं अन्य खाद्य सामग्री बेची जा





रही है। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों व अस्पतालों की स्थिति ठीक नहीं है प्राइवेट स्कूल,अस्पताल दबाकर लूट कर रहे हैं। चौधरी प्रवीण भारतीय ने कहा कि बिल्डर लंबे समय से लगातार भू-जल दोहन कर रहे हैं शिकायत करने के बाद भी अधिकारी के कार्रवाई नहीं करतें, जिलाध्यक्ष प्रेम प्रधान ने कहा कि आबकारी विभाग की घोर लापरवाही के कारण सरकारी शराब की दुकानों पर निर्धारित मूल्य से अधिक शराब बेचीं जा रही है। जनपद में जगह-जगह खनन माफिया सरकारी जमीन में रात दिन खनन कर रहे हैं चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि जनपद में नोएडा ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले गांव एवं 80 ग्राम पंचायत के अधीन गांव अपने विकास की बाट देख रहे हैं। ग्रामीणों को कीचड़ युक्त रास्तों से गुजरना पड़ता है श्मशान घाट जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी विभागों में बढ़ते हुए लापरवाह रवैया एवं भ्रष्टाचार पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग करते हुए संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त प्रदर्शन किया।

इस दौरान- मा.दिनेश नागर प्रेमराज भाटी सुशील प्रधान राकेश नागर सूबेदार बालेश्वर आकाश नागर सत्येंद्र चौधरी गौरव नागर दुलीचंद नागर तेजवीर चौहान कुलबीर भाटी लक्ष्मी पंडित ब्रह्म प्रधान रतनपाल सौरभ संदीप मुकेश कसाना कमल नागर नितिन पहलवान वरुण नागर ब्रह्मपाल कपासिया नीरज भाटी रविंद्र (बरसात) विजय प्रधान मोहित अधाना जयचंद चौहान नवीन भाटी राहुल,रोहित कुलीपुरा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# देवहा नदी की बाढ़ ने बढ़ाई मुसीबतें, कई मार्ग हुए बंद

- बीसलपुर-पीलीभीत व बरेली मार्ग पर पानी का तेज बहाव
- बरखेड़ा क्षेत्र में गिरे मकान, प्रशासन ने शुरू की राहत सामग्री की आपूर्ति

**पीलीभीत।** पिछले चार-पांच दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और बैराज से छोड़े गए पानी के चलते देवहा नदी उफान पर है। नदी का पानी ग्रामीण इलाकों से लेकर मुख्य मार्गों तक पहुंच गया है, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। बुधवार को बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग और बीसलपुर-बरेली मार्ग पर पानी तेज गति से बहने लगा, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाइक सवार जोखिम उठाकर आवागमन करते रहे, वहीं भारी वाहन घंटों फंसे रहे। शहर के भीतर भी जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी रही, जिससे आम नागरिकों की दिनचर्या प्रभावित रही। जिले की सदर, बीसलपुर, कलीनगर और पूरनपुर तहसील के 20 से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। खेतों में पानी भर जाने से किसानों की फसलें पूरी तरह डूब चुकी हैं। पशुओं के चारे की भी समस्या खड़ी हो गई है। गांवों में जलभराव कम तो हुआ है, लेकिन हालात अभी भी सामान्य होने से काफी दूर हैं। ग्रामीण प्रशासन से लगातार मदद की गुहार लगा रहे हैं। देवहा नदी का पानी बढ़ने से बरखेड़ा-नवाबगंज मार्ग पर गाजीपुर कुंडा के पास मंगलवार शाम से ही पानी भर गया। यहां आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। ग्रामीणों और यात्रियों को लंबा रास्ता तय करके आवागमन करना पड़ रहा है। वहीं, टनकपुर हाईवे पर भी बुधवार को पानी का तेज बहाव शुरू हो गया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई।

बरखेड़ा क्षेत्र का चिनोरा मुस्तकिल गांव बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। यहां लगातार बारिश और नमी से दो ग्रामीणों के खपरैल पोश कच्चे मकान धराशायी हो गए। ग्रामीणों का सामान मलबे में दब गया और उन्हें खुले आसमान के नीचे शरण लेनी पड़ी। उधर, घुघचाई-दियोरिया कला मार्ग पर जंगल के भीतर बनी सड़क भी कटकर पूरी तरह बह गई है, जिससे संपर्क व्यवस्था ठप हो गई है। ग्रामीणों को जरूरी सामान लाने-ले जाने के लिए भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन लगातार सक्रिय है। बुधवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया बीसलपुर क्षेत्र के पांच बाढ़ग्रस्त गांवों में पहुंचीं।

उन्होंने स्वयं बाढ़ पीड़ितों को लंच पैकेट वितरित किए और आश्वासन दिया कि किसी को भूखा नहीं रहने दिया जाएगा। वहीं, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा भी गांवों में पहुंचे और पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बरसात इसी तरह जारी रही तो हालात और बिगड़ सकते हैं। कई गांवों में अब भी पानी घरों के भीतर भरा हुआ है। पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में दिक्कतें हो रही हैं। लोग नावों और अस्थाई साधनों से आना-जाना कर रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों की बीमारी का खतरा भी मंडरा रहा है। प्रशासनिक अलर्ट और राहत वितरण के बावजूद ग्रामीणों की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। लोग अब भी दहशत में हैं और भगवान से जल्द हालात सामान्य होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

फिलहाल बुधवार को मौसम साफ रहा धुप भी खिंली हालांकि बीच-बीच में मौसम करवट बदलता रहा।

# बाढ़ पीड़ितों को जिलाधिकारी ने वितरित की राशन किट

## बाढ़ कंट्रोलरूम का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बुधवार को सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम चंदोई में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को खाद्यान्न किट एवं फल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से बातचीत कर उनका हाल जाना और उनकी समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी ने खकरा नदी के पुल पर पहुंचकर जलस्तर एवं आसपास की स्थिति का भी जायजा लिया।निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर स्थापित बाढ़ कंट्रोलरूम का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से संबंधित शिकायतों की जानकारी ली और अधिकारियों को तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों और सूचनाओं को तत्काल उच्चाधिकारियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि बाढ़ पीड़ितों की सुविधा हेतु सदर तहसील और अन्य प्रभावित क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों में कम्युनिटी किचन संचालित किए जा रहे हैं, जहां से तैयार भोजन वितरित कराया जा रहा है। साथ ही जनपद की 62 स्थाई/अस्थाई गौशालाओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

इनमें से दो गौशालाओं में पानी भरने की सूचना पर गोवंश को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है।इस अवसर पर. राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंकोर सिंह, मा. प्रतिनिधि जसपाल सिंह, तहसीलदार सदर, जिला पंचायत राज अधिकारी, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## नायब तहसीलदार ने गोली मारकर जान दी

**बिजनौर।** बिजनौर में नायब तहसीलदार राजकुमार चौधरी (38) ने लाइसेंसी पिस्टल से सिर में गोली मारकर सुसाइड कर लिया। नायब तहसीलदार सरकारी काम से मंगलवार को इलाहाबाद कोर्ट गए थे। आज सुबह 8 बजे सरकारी आवास पर लौटे। एसपी अभिषेक झा को परिवार ने बताया- घर पहुंचने के बाद उन्होंने कमरा बंद कर लिया। करीब साढ़े 10 बजे खुद को गोली मारी। आवाज सुनकर हम लोग पहुंचे। देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था। 15- 20 मिनट तक दरवाजा नहीं खुला, तो तोड़कर उन्हें बाहर निकाला। उनके सिर से खून निकल रहा था। परिवार आनन-फानन में उन्हें बीना प्रकाश अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डीएम जसजीत कौर मौके पर पहुंचीं। एसपी ने बताया- पुलिस ने घटनास्थल को सील कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने उस लाइसेंसी पिस्टल को कब्जे में ले लिया है, जिससे गोली मारी गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बिजनौर की सदर तहसील में तैनात राजकुमार बागपत छपरौली क्षेत्र के गांव नगला कोड़ी के रहने वाले थे। परिवार में माता-पिता के अलावा पत्नी आंचल और दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी सिया 7 साल, जबकि छोटी बेटी सई डेढ़ साल की है। घरवालों के मुताबिक, इलाहाबाद से लौटने के बाद वह अपने रूम में थे। हम लोग दूसरे कमरे में थे।

## पुलिस ने एक बार फिर लौटाई मुस्कान, गुम हुए 2 मोबाइल फोन को उनके मालिकों को सौंपे



**ललितपुर ।** बार पुलिस ने गुम हुए दो मोबाइल फोन बरामद कर फोन स्वामियों के सुपुर्द कर दिए। गुम हुए फोन मिलने की उम्मीद खो बैठे मोबाइल स्वामियों ने पुलिस को आभार जताया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में थाना बार पुलिस द्वारा थाना बार क्षेत्रान्तर्गत गिरे/खोये हुए मोबाइल के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे, जिसके संबंध में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना बार पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर आवेदक के प्रपत्रों को अपलोड करके, मोबाइल के IMEI नम्बरों को रन कराया गया था । विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त तकनीकी डेटा का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 02 गिरे हुए/खोये हुए मोबाइलों को बरामद कर उनके स्वामियों को नियमानुसार सुपुर्द किया गया । पीड़ितों के मोबाइल फोन उन्हे वापस मिलने पर, उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक, ललितपुर व थाना बार पुलिस टीम की भूरि - भूरि प्रशंसा की गयी । बरामद करने वाली टीम एस0ओ0 अजमेर सिंह भदौरिया राहुल राय कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए आदि शामिल रहे।

# विधायक ने बांटी राहत सामग्री, 200 से अधिक परिवारों को मिला सहारा

## बाढ़ प्रभावित रमपुरा-उझेनियां में पहुंचे स्वामी प्रवक्तानंद, कहा सरकार हर संकट में साथ



**पीलीभीत।** लगातार बारिश और नदियों के उफान से जनपद के कई गांवों में बाढ़ का संकट गहराता जा रहा है। प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन व जनप्रतिनिधि लगातार मैदान में सक्रिय हैं। बुधवार को बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने विकासखंड ललौरीखेड़ा की ग्राम पंचायत रमपुरा-उझेनियां पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री वितरित की।

### खाद्यान्न किट से मिली राहत

विधायक ने करीब 200 से अधिक बाढ़ प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट सौंपी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी परेशानियां जानीं। विधायक ने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है और किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और एसडीएम श्रद्धा सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति का आकलन किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि हर प्रभावित परिवार तक राहत सामग्री और आवश्यक सहायता समय पर पहुंचाई जाएगी।

### ग्रामीणों ने जताया आभार

ग्राम प्रधान भानु गंगवार, प्रेमशंकर गंगवार, मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, महेश गंगवार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण इस मौके पर उपस्थित रहे। राहत सामग्री मिलने पर ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न किट मिलने से कुछ दिनों के लिए खाने की चिंता दूर हुई है।

### आगे भी मिलेगा सहयोग

विधायक ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सरकार और प्रशासन हर स्तर पर काम कर रहे हैं। जल्द ही चिकित्सा सेवाएं, पशुओं के चारे और अस्थायी ठहराव की व्यवस्था भी की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी प्रभावित परिवार मदद से वंचित न रह जाए।

# मोबाइल लुटेरा गिरोह के दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

### लूट की घटना का पुलिस ने किया सफल अनावरण

**पूनम तिवारी विशाल इण्डिया**



**अंबेडकर नगर।** रविवार की रात को जनपद अंबेडकर नगर के अहिरौली थाना क्षेत्र में बाइक सवार मोबाइल चोर गैंग ने तहलका का मचा दिया था।जिससे अहिरौली थाना क्षेत्र सहित पूरे जनपद में दहशत तथा हड़कंप मचा हुआ।इस दुस्साहसिक घटना ने पुलिस को चौंका दिया था।पहली घटना रामदेव जनता इंटर कॉलेज के समीप हुई थी जहां सब्जी विक्रेता सुनील मौर्य को बाइक सवार बदमाशों ने रोक कर असलहा के बल पर नकदी व मोबाइल फोन छीन लिया था,वहीं दूसरी घटना असरफ़पुर बरवा के टीकुलीगंज नहर मार्ग पर हुई थी डॉक्टर शिव शंकर वर्मा को आधा दर्जन मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में रोककर मोबाइल व नकदी छीन लिया था,तीसरी घटना राजेंद्र प्रजापति के साथ हुई थी जो मिठाई की दुकान चलाते हैं बदमाशों ने उनका मोबाइल व नकदी असलहा लगाकर छीन लिया था।एक रात में घटी तीनों घटनाओं ने सभी को हिला कर रख दिया था। थाना अध्यक्ष अहिरौली अभिषेक त्रिपाठी ने तीनों मामले में लूट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर ने सर्विलांस,स्वाट, एसओजी तथा स्थानीय पुलिस की टीमें बनाकर लुटेरों की तेजी से धर पकड शुरू कर दी थी।मुखबिर की सूचना के आधार पर बुधवार को आशिक सिंह पुत्र दान बहादुर सिंह थाना महरुआ वीरू पुत्र रामकरण चौहान कोतवाली अकबरपुर को भगोला के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।दोनों आरोपियों के पास से लूट गए दो मोबाइल फोन तथा घटना में उपयोग में लाई गई हीरो स्प्लेंडर बाइक भी बरामद की गई है। पुलिस की पूछताछ में मुख्य आरोपी गैंग के सरगना आंशिक सिंह ने बताया कि उसकी गैंग में शिवम धुरिया,गोविंद,कट्टर उर्फ अवधेश और अभिषेक भी शामिल हैं।घटना की जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर हरेंद्र कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बताया कि इनकी गैंग में लगभग आधे दर्जन लोग हैं बाकी की तलाश के लिए पुलिस टीम में लगा दी गई है।

## एसपी ने किया पुलिस कार्यालय का निरीक्षण



**ललितपुर।** एसपी ने बुधवार को पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान लिपिक, डीसीआरबी,आंकिक आदि शाखाओं का निरीक्षण कर अभिलेखों, रजिस्टरों एवं अन्य दस्तावेजों का गहनता से अवलोकन कर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय की कार्यप्रणाली में और अधिक पारदर्शिता एवं दक्षता लाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने अभिलेखों के सही रख-रखाव, समयबद्ध प्रविष्टि तथा रिकॉर्ड की नियमित जांच पर विशेष बल दिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने की भी सराहना की एवं सतत सुधार की प्रक्रिया को अपनाने के निर्देश दिए।

## रिटायर्ड टीचर की बेटी ट्रेन के आगे कूदी

**अयोध्या।** अयोध्या में रिटायर्ड टीचर की 25 साल की बेटी ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। शव के पास आई फोन मिला। उस पर आई एक कॉल से उसकी शिनाख्त हुई। शव के पास सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा है- मैं बार-बार गलती कर रही थी। न अच्छी बेटी बन पाई न बहन। मुझे माफ करना। एसआई बृजेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया- युवती का नाम सौम्या शुक्ला था। वह देवकाली इलाके के चेला छावनी लालबाग इलाके की रहने वाली थी। लखनऊ-अयोध्या रूट पर सोहावल स्टेशन से 500 मीटर दूर शव मिला। ट्रैक से 3-4 फीट दूर पड़ा था। लड़की नीली जींस, रेड-ब्लैक टीशर्ट पहने थी। युवती का घर वहां से 30 किमी दूर है। घटना सोमवार की है। ट्रेन ड्राइवर ने लड़की के सुसाइड की सूचना स्टेशन को दी। वहां से पुलिस को कॉल किया गया। पुलिस पहुंची तो बगल में पड़े हुए आईफोन पर कॉल आ रही थी। यह कॉल किसी लोन कंपनी की ही थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि युवती ने किसी निजी कंपनी से लोन ले रखा था। वसूली के लिए उसी कंपनी से कॉल आ रही थी। हालांकि, पुलिस ने अभी ऑफिशियल तौर पर इसकी जानकारी नहीं दी है। पुलिस का कहना है- सभी एंगल पर जांच की जा रही है।

# अज्ञात मानव शव का मेडीकल कॉलेज को कराया दान



**ललितपुर।** शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने प्रशासन के सहयोग से एक अज्ञात शव को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) को दान कराया है। इस कार्य को लेकर जिले में ट्रस्ट की प्रधानाचार्य द्वारा काफी सराहना की गयी है। मानव देह से सम्बन्धित शरीर की संरचना की आंतरिक जानकारी के माध्यम से चिकित्सक बनाने की पहली सीढ़ी है। इससे एनाटॉमी विभाग द्वारा एम.बी.बी.एस. के विद्यार्थियों को पठन पाठन एवं प्रयोगशाला में सीखने का अवसर मिलता है! मानव देह ही एकमात्र माध्यम है जिसके द्वारा शरीर के विभिन्न अंगों पर रिसर्च कर उनके इलाज एवं सर्जरी ट्रेनिंग दी जाती तब कहीं डाक्टर बन पाते हैं।

इसलिए मानव देह के बिना डाक्टर की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस मानव कल्याण के कार्य का बीड़ा उठाने वाली पहली संस्था शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ललितपुर है। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. मयंक शुक्ला, सीएमएस डा.गजेन्द्र सिंह, एनाटॉमी विभाग से डा. श्रुति सिंह, डा.के. के. मिश्रा डा. मोनिका जायसवाल एनाटॉमी, डा. संध्या शाक्य, (संकल्पित-देहदानी) जे.पी. यादव, गौरीशंकर सेन, द्रोपती सेन, राकेश सेन, चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव, सुमन श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, मनोज राठौर के अलावा ट्रस्टियों में सुषमा साध, परवेज पठान, अंकुर जैन (सानू बाबा), अज्जू बाबा, अनिल साहू, चन्दे साहू, रामबाबू यादव, कृष्णपाल सिंह यादव, आदर्श साध मौजूद रहे।

# शार्ट न्यूज

## धान की फसल क्षति पर 72 घंटे में दें सूचना

पीलीभीत। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद में खरीफ मौसम की प्रमुख फसल धान को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर अधिसूचित किया गया है। हाल के दिनों में हुई अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण फसलों में नुकसान की आशंका है। जिन कृषकों ने अपनी धान फसल का बीमा कराया है, वह किसान यदि फसल क्षति का सामना कर रहे हैं तो 72 घंटे के भीतर इसकी सूचना देना अनिवार्य है। किसान भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 14447 या बीमा कंपनी इफको-टोकियो जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के जिला समन्वयक के नंबर 8057747626 पर संपर्क कर सकते हैं।इसके अतिरिक्त बीमित किसान फसल क्षति की सूचना लिखित रूप में राजकीय कृषि बीज भंडार, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय, उप कृषि निदेशक कार्यालय या उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय में भी जमा कर सकते हैं।बीमा कंपनी द्वारा नुकसान का आकलन कर नियमानुसार प्रतिपूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी। वर्तमान खरीफ मौसम में जनपद के कुल 24,619 कृषक बीमित हैं।

## कैंसर की रोकथाम और उपचार को लेकर मेडिकल कॉलेज में हुई बैठक

**पीलीभीत।** बढ़ते कैंसर के मामलों को देखते हुए मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा की अध्यक्षता में चिकित्सकों की अहम बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में कैंसर पीड़ित मरीजों की समय पर पहचान और इलाज के लिए कैंसर डिटेक्शन यूनिट शुरू की जाएगी। बैठक में तय कार्ययोजना के अनुसार, जिला अस्पताल में खोली जाने वाली इस यूनिट में मरीजों की पहले आईपीएचएल से जांच कराई जाएगी। यदि कैंसर शुरुआती चरण में पाया जाता है तो मरीज का इलाज जिला अस्पताल में दवाइयों से किया जाएगा। वहीं, गंभीर स्थिति वाले मरीजों को प्रदेश के सरकारी कैंसर अस्पतालों में निशुल्क रेफर किया जाएगा, जिससे उन्हें बेहतर और मुफ्त इलाज उपलब्ध हो सके।प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने कहा कि जिले में कैंसर मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए समय रहते पहचान और इलाज बेहद जरूरी है। इस दिशा में कैंसर डिटेक्शन यूनिट मरीजों के लिए लाभकारी साबित होगी। बैठक में उप प्राचार्य डॉ. अरुण, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. जी.के. अनेजा, शल्य विभागाध्यक्ष डॉ. जगदंबा, डॉ. शोभित, डॉ. कौस्तव सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर में पति-पत्नी घायल





**पीलीभीत।** बीसलपुर-दियोरिया मार्ग पर मंगलवार को ई-रिक्शा और बाइक की भिड़ंत में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव नौगमा संतोष निवासी रामपाल अपनी पत्नी उर्मिला देवी और पुत्र के साथ बाइक पर सवार होकर बीसलपुर आए थे। किसी काम से लौटते समय मानपुर तिराहे के पास तेज गति से आ रहे ई-रिक्शा चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे के बाद राहगीरों ने घायलों की मदद की और तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन गंभीर स्थिति देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## विश्व विख्यात सिद्ध पीठ श्री हथियाराम मठ में चल रहे चातुर्मास का अंतिम चरण 7 सितंबर को

**गाजीपुर।** विश्व विख्यात सिद्ध पीठ श्री हथियाराम मठ मै चल रहे चातुर्मास व्रत अपने अंतिम चरण में है आगामी 7 सितंबर 2025 (रविवार) व्रत का भव्य समारोह कार्यक्रम श्री सिद्ध पीठ हथियाराम मठ परिसर में पूज्य गुरुदेव भगवान के हाथ हो होगा पूज्य महाराज जी के अनुसार सुबह 6: 00 बजे से 11: 00 तक समापन का कार्यक्रम में पूजन भजन -कीर्तन,हवन,प्रसाद, महाप्रसाद इत्यादि ! किया गया है विशेष बात यह है कि उसी दिन रात्रि में चंद्र ग्रहण लग रहा है इसलिए चंद्र ग्रहण लगने के 10 घंटा पहले जो भी जल जलपान फलाहार इत्यादि ग्रहण करना होता है उसके बाद किसी प्रकार का अन्य जल ग्रहण नहीं किया जाता है किसको ध्यान में रखते हुए किसी भी तरह से पूजा 11: 00 बजे दिन में समाप्त हो जाएगी इसलिए सिद्ध पीठ के पुजारी द्वारा सभी सनातन धर्मावलंबियों से अपील की है समय से पहुंचकर हवन प्रसाद का लाभ उठाएं तथा पूज्य महाराज जी द्वारा यह संदेश अपने शिष्यों में दिया गया है की इस धर्मलाभ का भागी होने के लिए आप समय अनुसार मठ परिसर में पधार कर हवन पूजन का लाभ प्राप्त करें।

## 2 कारोबारी दोस्तों समेत 3 की मौत

**अमेठी जिला।** अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार ब्रेजा कार की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार दो कारोबारी दोस्तों सहित 3 लोगों की मौत हो गई। तीनों आजमगढ़ से लखनऊ लौट रहे थे। तड़के साढ़े तीन बजे कैंटीन पर खाना खाने के लिए कार को मोड़ रहे थे, तभी दूसरी ओर से जा रहा ट्रक सामने आ गया। ड्राइवर कार को संभाल नहीं पाया और कार ट्रक से साइड में जा भिड़ी। हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के 60.1 किमी पॉइंट पर हुआ। हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। देखा तो तीनों के शव कार में फंसे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को निकालने की कोशिश की, लेकिन शव नहीं निकले। इसके बाद पुलिस ने क्रेन से कार को खिंचवाया। फिर दरवाजा तोड़कर शवों को बाहर निकाला। करीब 2 घंटे तक शव फंसे रहे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पिचक कर आधी रह गई। एयरबैग भी खुल गए थे, लेकिन उससे किसी की जान नहीं बच पाई। मरने वालों में से दो लोग कानपुर और एक लखनऊ के रहने वाले थे।

## लात-घूंसों की पिटाई से युवक की मौत

**बांगरमऊ।** उन्नाव जिले के थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में जमीन विवाद ने एक युवक की जान ले ली। शिवपुरी गांव के 45 वर्षीय प्रमोद की बुधवार सुबह अपने भाई और पिता से जमीन को लेकर बहस हुई। बहस मारपीट में बदल गई। भाई और पिता ने लात-घूंसों से प्रमोद की पिटाई कर दी। घायल प्रमोद को परिजन एम्बुलेंस से बांगरमऊ सीएचसी ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी पम्मी ने आरोप लगाया कि मामला पिछले कई दिनों से चल रहा था। पति ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। लेकिन राजेपुर ग्राम प्रधान ने पुलिस जाने से रोक दिया। प्रमोद ने इससे पहले राजपुर गांव की पुलिस चौकी में लिखित शिकायत भी दी थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रमोद तीन भाइयों में बीच के थे। उनकी मौत से पत्नी पम्मी, बेटी सीमा, रीमा और बेटे अनीत व गोविंद का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना फतेहपुर चौरासी के प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

## कानपुर में इंस्पेक्टर-दरोगा पर डकैती का केस

**कानपुर।** कानपुर में इंस्पेक्टर और दरोगा के खिलाफ उनके ही थाने में डकैती, चोरी और दंगा कराने सहित 7 गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया गया है। लाल बंगला की रहने वाली महिला की तहरीर पर इंस्पेक्टर व अन्य पुलिसकर्मियों पर तोड़फोड़ कर कब्जा कराने, करीब डेढ़ करोड़ का सामान व गहने ट्रक में भरकर उठा ले जाने के आरोप में एफआईआर दर्ज किया गया है। महिला ने बताया कि उनकी एक जमीन का मामला हाईकोर्ट में है। कोर्ट में ट्रॉयल चल रहा। फिर भी पुलिसवालों ने कब्जा कराया, उनके डेढ़ करोड़ के सामान ट्रक में भरकर ले गए। उनके परिवारीजन से मारपीट की और शांति भंग में चालान कर दिया। महिला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर पुलिस के आला अधिकारियों से शिकायत की थी। जांच के बाद पुलिस कमिश्नर ने एफआईआर का आदेश दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### चेक गणराज्य के पूर्व पीएम पर हमला

**प्राग, एजेंसी।** चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री आंद्रेज बाबिस पर संसदीय चुनावों से पहले एक रैली में एक व्यक्ति ने छड़ी से हमला कर दिया। बाबिस को सोमवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने कहा कि पूर्वी चेक गणराज्य के डोबरा शहर में हमलावर को तुरंत हिरासत में ले लिया है। प्रधानमंत्री पेट्र फियाला और आंतरिक मंत्री विट राकुसन ने हमले की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया। 2017 में प्रधानमंत्री बने बाबिस 2021 के संसदीय चुनाव हार गए। उन्होंने जनवरी 2023 में राष्ट्रपति पद के लिए भी चुनाव लड़ा, लेकिन सेवानिवृत्त सेना जनरल पेट्र पावेल से हार गए।

### नाईजीरिया में ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने महिला को जलाकर मार डाला

**एबूजा, एजेंसी।** मध्य नाइजीरिया में भीड़ ने इस्लाम के खिलाफ ईशनिंदा का आरोप लगाकर एक महिला को जलाकर मार डाला। नाइजर राज्य के पुलिस प्रवक्ता वसीउ अबियोदुन ने कहा कि महिला को शनिवार को भीड़ ने हमले में आग लगा दी। क्योंकि उसने पैगंबर मोहम्मद के बारे में टिप्पणी की थी। महिला उत्तर-पश्चिमी नाइजीरिया के कटसिना राज्य की अमाये नामक फूडसेलर थी। पुलिस इस कृत्य की निंदा करती है तथा जनता से हमलावरों की तलाश के दौरान शांत रहने का आग्रह करती है। नाइजीरिया के 12 मुस्लिम बहुल राज्यों में शरिया कानून सामान्य कानून के साथ-साथ लागू है और ईशनिंदा के लिए मृत्यु दंड का प्रावधान है।

### न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर को मिलेगा प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** एपी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि वह न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर रूडी गिउलिआनी को प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित करेंगे। एक दिन पहले न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर एक सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए थे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक बयान में गिउलिआनी को न्यूयॉर्क शहर के इतिहास में सबसे महान मेयर और समान रूप से महान अमेरिकी देशभक्त कहा। उनकी 11 सितंबर के हमलों के बाद उनके नेतृत्व के लिए सराहना की गई थी।

### अगस्त में नेपाल में हवाई पर्यटकों के आगमन में भारतीयों की संख्या सबसे अधिक

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल पर्यटन बोर्ड (एनटीबी) ने सोमवार को कहा कि अगस्त में हवाई मार्ग से नेपाल में 88,680 अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आए, जिनमें भारतीय यात्रियों की हिस्सेदारी सबसे बड़ी थी। आने वाले पर्यटकों में 35,505 भारत से थे, जो कुल पर्यटकों का 40 प्रतिशत था। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन की सूची में भारत शीर्ष पर रहा। इसके बाद 7,533 पर्यटकों के साथ चीन और 6,068 पर्यटकों के साथ अमेरिका का स्थान रहा। 5,956 पर्यटकों के साथ श्रीलंका और 4,262 पर्यटकों के साथ बांग्लादेश क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। जुलाई 2025 में नेपाल में हवाई मार्ग से 70,193 पर्यटकों का आगमन हुआ था। जनवरी से अगस्त 2025 तक नेपाल में कुल 7,36,562 पर्यटक आए। इनमें 2,10,496 भारतीय थे।

### हैती में बख्तरबंद वाहन दुर्घटना में 2 लोगों की मौत

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस, एजेंसी।** हैती की राजधानी में दो बख्तरबंद वाहनों की टक्कर में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और केन्या के आठ पुलिस अधिकारी घायल हो गए। सभी घायल संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक मिशन के सदस्य थे जो इस अशांत कैरेबियाई देश में गिरोहों से लड़ रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से तीन की हालत गंभीर है और उन्हें उपचार के लिए पड़ोसी डोमिनिकन गणराज्य ले जाया गया है। यह दुर्घटना रविवार शाम राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के बाहरी इलाके में केंसकॉफ-पेटियन-विले मार्ग पर हुई। मिशन प्रवक्ता जैक ओम्बाका ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब एक बख्तरबंद वाहन, जो एक खराब वाहन को खींच रहा था, खराब हो गया।

# अपनी खास रेलगाड़ी से चीन पहुंचे किम जोंग उन

## इस चलते-फिरते महल पर बमों का भी नहीं होता असर

**बीजिंग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन चीन पहुंच गए हैं। किम जोंग उन बुधवार को चीन की सैन्य परेड में बतौर अतिथि शिरकत करेंगे। किम जोंग उन अपनी खास ट्रेन से चीन पहुंचे और एक बार फिर उनकी ये ट्रेन चर्चा में आ गई है। उत्तर कोरियाई नेता की हरे रंग और पीली पट्टी वाली ये ट्रेन लोगों के आकर्षण का केंद्र रही है और जब भी उत्तर कोरियाई नेता विदेश दौरों पर जाते हैं तो इसी ट्रेन का इस्तेमाल करते हैं। यह ट्रेन बेहद खास है और ऐसा दावा किया जाता है कि यह ट्रेन बुलेटप्रूफ है और इस पर बम-मिसाइल का भी असर नहीं होता है।



**विदेश दौरों पर इसी ट्रेन से जाते हैं किम जोंग उन :** किम जोंग उन जिस रेलगाड़ी से चीन पहुंचे हैं, वह बेहद खास है और पीढ़ियों से उत्तर कोरियाई शासक देश-विदेश के दौरों के लिए इस ट्रेन का इस्तेमाल करते आए हैं। किम जोंग उन ने विदेश दौरों के लिए एक-दो बार हवाई जहाज का इस्तेमाल किया है, लेकिन किम जोंग उन के पिता और पूर्व उत्तर कोरियाई शासक किम जोंग इल हमेशा इस खास रेलगाड़ी से ही सफर करते थे। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उत्तर कोरियाई शासक की यह खास ट्रेन लग्जरी और अपने सुरक्षा उपायों के लिए जानी जाती है। ऐसे में इसे चलता-फिरता राजमहल कहा जाए तो गलत नहीं होगा। इस ट्रेन को बुलेटप्रूफ और मिसाइल प्रूफ बताया जाता है। यह ट्रेन करीब 60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है। इस ट्रेन में कॉन्फ्रेंस रूम, ऑडियंस चैंबर, आराम के कमरे बने हैं। इस ट्रेन में सैटेलाइट फोन की सुविधा भी है। किम जोंग इल के समय में इस ट्रेन के देशभर में संचालन के लिए 20 स्टेशन बनाए गए थे। उत्तर कोरियाई नेताओं का परिवार भी अपने दौरों के लिए इस खास ट्रेन का ही इस्तेमाल करता है।

**ट्रेन में दो बख्तरबंद मर्सिडीज गाड़ियां भी रहती हैं मौजूद :** उत्तर कोरिया की तरह ही इस ट्रेन की खासियतों के बारे में भी दुनिया को बहुत ज्यादा जानकारी नहीं है और जब किम जोंग उन विदेश दौरों पर जाते हैं, तभी इस ट्रेन की तस्वीरें दुनिया के सामने आती हैं। साल 2023 में जब किम जोंग उन ने रूस का दौरा किया था, उस वक्त भी वे इसी ट्रेन से रूस पहुंचे थे। उस वक्त जो तस्वीरें सामने आई थी, उनमें ट्रेन के भीतर का शानदार इंटीरियर, फर्नीचर आदि की झलक देखने को मिली थी। साथ ही खाने-पीने के लिए किचन, रेस्तरां और अन्य सभी सुख सुविधाओं से लैस इस ट्रेन में किम का कार्यालय भी है, जहां से वे सफर के दौरान भी अपने सभी जरूरी काम कर सकते हैं। चीनी मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस ट्रेन में 10-15 डिब्बे होते हैं, जिनमें से कुछ सिर्फ उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के द्वारा इस्तेमाल किए जाते हैं। इस ट्रेन में किम जोंग उन की दो बख्तरबंद मर्सिडीज गाड़ियां भी होती हैं।

**विदेशों में कैसे दाखिल होती है ये ट्रेन? :** जब भी किम जोंग उन विदेश दौरा करते हैं तो उत्तर कोरिया की सीमा तक वे इस ट्रेन से सफर करते हैं। जब सीमा पार करते हैं कुछ बदलाव किए जाते हैं। जैसे जब किम जोंग उन ने रूस का दौरा किया था तो वहां के गेज चौड़े हैं, जिसके चलते किम की ट्रेन के पहियों को बदला गया था। चीन में ऐसे किसी बदलाव की जरूरत नहीं है, लेकिन चीन में किम की ट्रेन के इंजन को बदला जाता है और उसमें चीन में बने खास इंजन लगाए जाते हैं

# रूसी तेल खरीद पर अमेरिकी वित्त मंत्री का बेतुका बयान, कहा- भारत गलत कर रहा, एक पॉइंट पर हमें आगे आना पड़ेगा,



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिकी नेताओं के बेतुके बयान जारी हैं। अब अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत की आलोचना की है और आरोप लगाया कि भारत अभी भी रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है और यूक्रेन युद्ध को बढ़ा रहा है। एक स्थानीय मीडिया को दिए इंटरव्यू में स्कॉट बेसेंट ने भारत को गलत बताया और कहा कि अगर ऐसे ही चलता रहा तो अमेरिका और इसके सहयोगियों को एक पॉइंट पर आगे आना होगा।

**एससीओ बैठक को बताया दिखावा :** फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में स्कॉट बेसेंट से जब चीन में आयोजित हुई एससीओ बैठक को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह बैठक पहले से तय थी और यह व्यापक तौर पर दिखावा लगा। आखिर में भारत, जो कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, उसके मूल्य हमारे ज्यादा करीब हैं और उसके बाद चीन के और फिर कहीं रूस के करीब हैं।

उन्होंने कहा, देखिए, ये सभी गलत कर रहे हैं। भारत, रूस की युद्ध मशीन को ईंधन दे रहा है और उसी तरह चीन भी ऐसा कर रहा है। मुझे लगता है कि एक पॉइंट पर अमेरिका और इसके सहयोगियों को आगे आना पड़ेगा। स्कॉट बेसेंट ने कहा कि भारत, रूसी तेल खरीदकर उसे रिफाइन करके बेचकर, यूक्रेन में रूस युद्ध को वित्तपोषित कर रहा है। उन्होंने संकेत दिए कि ट्रंप प्रशासन रूस के खिलाफ और प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है।

**अमेरिकी वित्त मंत्री ने जताई उम्मीद-दोनों देश सुलझा लेंगे मतभेद :** स्कॉट बेसेंट ने भारत की आलोचना के साथ ही ये उम्मीद भी जताई कि अमेरिका और भारत के संबंध सुधर जाएंगे और दोनों देश अपने मतभेदों को सुलझाने में सक्षम हैं। स्कॉट बेसेंट ने भारत पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ का भी बचाव किया और कहा कि वे हमें भारी मात्रा में सामान बेचते हैं, उनके सबसे बड़े ग्राहक हम हैं, लेकिन हम उन्हें बहुत कम सामान बेचते हैं। अब तक यह पूरी तरह से एकतरफा रिश्ता रहा है, और यह कई दशकों से चला आ रहा है। इसकी वजह यह है कि भारत ने अब तक हमसे इतने ऊंचे टैरिफ वसूले हैं, किसी भी देश से ज्यादा कि हमारे व्यवसाय भारत में सामान नहीं बेच पा रहे हैं। यह पूरी तरह से एकतरफा रहा है।

# अब बेल्जियम ने दिया इजरायल को झटका, 12 सख्त पाबंदियां लगाने की तैयारी

### इस महीने संयुक्त राष्ट्र में बड़े उलटफेर की तैयारी



**तेल अवीव, एजेंसी।** बेल्जियम के नेता ने ऐलान किया कि हम इजरायल पर 12 सख्त पाबंदियां लगाएंगे। इसके अलावा इजरायली कंपनियों से किसी भी तरह की खरीद की समीक्षा की जाएगी। प्रेवोत ने कहा कि हम गाजा में जारी मानवीय संकट को देखते हुए यह फैसला ले रहे हैं।

इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने ऐलान किया था वह 9 से 23 सितंबर तक होने वाली यूएन की महासभा में फिलिस्तीन को मान्यता देंगे। फ्रांस के बाद फिर कनाडा, ब्रिटेन, माल्टा, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने भी फिलिस्तीन को मान्यता देने की बात कही है। अब तक यूरोप के देशों को अमेरिकी नीति का पिछलग्गू माना जाता था। ऐसे में अमेरिकी स्टैंड को देखते हुए इन देशों ने फिलिस्तीन को मान्यता नहीं दी।

लेकिन अब यूरोपीय देशों और ऑस्ट्रेलिया जैसे मुल्कों की स्थिति बदल गई है। इन देशों का कहना है कि इजरायल नरसंहार कर रहा है और ऐसे में वे फिलिस्तीन को मान्यता देंगे। इससे पहले बीते एक साल में भी कई देशों ने फिलिस्तीन को मान्यता दी है। इन देशो में मैक्सिको, आर्मीनिया, स्लोवेनिया, आयरलैंड, नॉर्वे, स्पेन, बहामास, ट्रिनीडाड एंड टोबैगो, जमैका और बार्बाडोस शामिल हैं। अब तक दुनिया के 147 यानी कुल 76 फीसदी देश फिलिस्तीन को मान्यता देते हैं। ऐसे में यदि 6 और देश फिलिस्तीन को मान्यता देंगे तो यह वैश्विक राजनीति में बड़े उलटफेर की शुरुआत होगी।

# कैलिफोर्निया के गवर्नर ने मोदी-पुतिन के वीडियो से ट्रंप पर साधा निशाना

**सैक्रामेंटो, एजेंसी।** अमेरिका में अपराध और अवैध प्रवास पर सख्त कार्रवाई की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना को लेकर राजनीतिक खींचतान तेज हो गई है। इसी बीच कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजम ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की एक वीडियो क्लिप शेयर करते हुए ट्रंप पर करारा तंज कसा।

न्यूजम डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं और 2028 में राष्ट्रपति पद की दौड़ में उतरने के दावेदार माने जा रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, लेकिन चिंता मत कीजिए, ट्रंप शिकागो में गार्ड भेज रहे हैं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन का वीडियो साझा किया, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और पुतिन हाथ थामे हंसते हुए शी जिनपिंग की ओर बढ़ते दिखाई देते हैं। इसके बाद तीनों नेता आपस में बातचीत करते और हंसते नजर आते हैं।



**शिकागो और न्यूयॉर्क में नेशनल गार्ड की तैनाती की तैयारी :** दरअसल, पिछले हफ्ते राष्ट्रपति ट्रंप ने इशारा किया था कि वे देश के तीसरे सबसे बड़े शहर शिकागो और फिर न्यूयॉर्क में नेशनल गार्ड की तैनाती कर सकते हैं। वाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, हम अपने शहरों को बेहद सुरक्षित बनाएंगेज मेरा मानना है कि अगला शिकागो होगा और फिर हम न्यूयॉर्क में मदद करेंगे।

ट्रंप का यह बयान डेमोक्रेट्स की कड़ी आलोचना का कारण बना है। गवर्नर न्यूजम खासतौर पर तब से और ज्यादा मुखर हो गए हैं जब ट्रंप ने विवादास्पद कदम उठाते हुए लॉस एंजिलिस में इमिग्रेशन छापों के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों को शांत करने के लिए लगभग 5,000 सैनिक तैनात कर दिए थे।

# वेनेजुएला के राष्ट्रपति बोले- अमेरिकी सेना ने हमला किया तो करेंगे सशस्त्र गणराज्य का एलान

**काराकास , एजेंसी।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सोमवार को कहा कि यदि उनके देश पर अमेरिकी सेना हमला करती है तो वह सांविधानिक रूप से एक सशस्त्र गणराज्य की घोषणा करेंगे। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी सरकार ड्रग कार्टेल के खतरों से निपटने के लिए वेनेजुएला के तटीय जलक्षेत्र में अपनी समुद्री सेना को बढ़ाने की तैयारी में है। अमेरिका ने तैनात किए जा रहे हजारों सैनिकों द्वारा किसी भी जमीनी घुसपैठ का संकेत नहीं दिया है। फिर भी मादुरो की सरकार ने अपने तट और पड़ोसी कोलंबिया की सीमा पर सैनिकों को तैनात करके, वेनेजुएला के लोगों से एक नागरिक मिलिशिया में भर्ती होने का आग्रह करके जवाबी कार्रवाई की है। मादुरो ने कहा कि अधिकतम सैन्य दबाव के मद्देनजर हमने वेनेजुएला की रक्षा के लिए तैयारी की घोषणा की है। अमेरिकी नौसेना के पास अब कैरिबियन सागर में दो एजिस निर्देशित मिसाइल विध्वंसक यूएसएस ग्रेवली और यूएसएस जेसन डनहम हैं। यह तैनाती ऐसे समय में की गई है, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन कार्टेलों को विफल करने के लिए सेना का उपयोग करने पर जोर दिया है, जिन्हें वे अमेरिकी समुदायों में फेंटेनाइल और अन्य अवैध दवाओं के प्रवाह और कुछ अमेरिकी शहरों में हिंसा को जारी रखने के लिए जिम्मेदार मानते हैं।

# सूडान में भूस्खलन, 1000 लोगों के मारे जाने की आशंका; दारफुर का पूरा गांव तबाह

**दारफुर, एजेंसी।** सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह- सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने सोमवार को बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है। इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा है।

### गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत

सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है। केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। अनुमान है कि लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं। गांव पूरी तरह से तबाह हो चुका है। राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों से गुहार लगाई गई है।



### सूडान में आधे से ज्यादा लोग भुखमरी की चपेट में

गृहयुद्ध ने सूडान की आबादी पर गहरा असर डाला है. आधे से ज्यादा लोग भुखमरी के संकट का सामना कर रहे हैं और लाखों लोग अपने घर छोड़कर पलायन कर चुके हैं. उत्तर दारफुर की राजधानी अल-फाशिर भी लगातार हमलों की चपेट में है.

एसएलएम/ए ने कहा कि भूस्खलन की यह त्रासदी देश की मौजूदा मानवीय स्थिति को और भयावह बना रही है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए.

### सूडान में दो साल से जारी है गृहयुद्ध

यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब सूडान पहले से ही गंभीर संकट का सामना कर रहा है. सूडानी सेना और पैरामिलिट्री रैपिड सपोर्ट फोर्सके बीच पिछले दो साल से जारी गृहयुद्ध ने देश की स्थिति और बिगाड़ दी है.

# पाकिस्तान में लकड़ी घोटाले का पर्दाफाश, 1.7 अरब का किया गबन, 140 अधिकारी फंसे

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में 1.7 अरब पाकिस्तानी रुपये के बड़े लकड़ी घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। जिसमें लगभग 2.3 मिलियन क्यूबिक फीट अवैध रूप से काटी गई लकड़ी जब्त की गई। इस घोटाले में 140 अधिकारी फंसे हैं। इनको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही इनके खिलाफ चार्जशीट तैयार की जा रही है। राज्य सरकार ने आगे की कार्रवाई के लिए कुछ मामलों को पाकिस्तान के राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) और भ्रष्टाचार निरोधक विभाग को भी भेज दिया है।

पेशावर में वानिकी योजना और निगरानी सर्कल (एफपी एंड एमसी) ने बताया कि जब्त की गई लकड़ी मुख्य रूप से बट्टाग्राम के अल्लाई तहसील और क्षेत्र के अन्य इलाकों से बरामद की गई थी। यह जांच राज्य मंत्रिमंडल के निर्देशों के तहत की गई। इसमें वुडलॉट्स, अनुमोदित कार्य योजनाओं, एफडीएफ योजनाओं, सूखे खड़े और हवा से गिरे पेड़ों पर 2003 की नीति के साथ-साथ अवैध लकड़ी काटने की नीति की समीक्षा की गई।

टीम ने 370 मामलों की जांच की। इसमें 168 (45.4 प्रतिशत) में नियमों का अनुपालन पाया गया। 91 (24.6 प्रतिशत) में मामूली समस्याएं थीं और 111 (30 प्रतिशत) में बड़े उल्लंघन सामने आए। जांच के दौरान 4.39 मिलियन क्यूबिक फीट लकड़ी को साफ किया गया। जबकि 1.545 मिलियन क्यूबिक फीट लकड़ी को मामूली दोषों के सुधार के बाद मंजूरी दी गई। वहीं गंभीर उल्लंघनों के कारण 2.361 मिलियन क्यूबिक फीट लकड़ी को जब्त किया गया।

सबसे ज्यादा अनियमितताएं वुडलॉट्स में देखी गई। जबकि सूखे, खड़े और हवा से गिरे पेड़ों की श्रेणी में 76 मामलों में से 22 में बड़े उल्लंघन शामिल थे। एफडीएफ योजनाओं में 36 मामलों में कोई बड़ी विसंगतियां नहीं थीं और अवैध लकड़ी कटान नीति के तहत केवल एक मामूली उल्लंघन पाया गया था। रिपोर्ट में बताया गया है कि जब्त की गई लकड़ी के मामलों में अधिकारियों ने अंकन मानकों की उपेक्षा की। अनुमोदित कार्य योजनाओं का पालन नहीं किया और अवैध कटाई कराई। मामले में वन विभाग ने दक्षता और अनुशासन नियम 2011 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की है। इसमें 140 अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ आरोप पत्र तैयार किए जा रहे हैं। अस्पष्ट कारणों से लकड़ी के अंकन और कटाई की निगरानी तीन साल के लिए रोक दी गई थी।

### नेपाल ने चीन की ग्लोबल सिक्योरिटी इनिशिएटिव का नहीं किया समर्थन

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के आर्थिक और विकास सलाहकार डॉ. युवराज खतीवड़ा ने स्पष्ट किया है कि नेपाल ने चीन के विश्व सुरक्षा पहला या ग्लोबल सिक्योरिटी इनिशिएटिव (जीएसआई) का समर्थन नहीं किया है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पीएम ओली के बीच हाल में हुई द्विपक्षीय वार्ता को लेकर उठे सवालों पर डॉ. खतीवड़ा ने कहा कि उस मुलाकात में इस विषय पर कोई समझौता या सहमति नहीं हुआ। खतीवड़ा ने बताया कि नेपाल सरकार किसी भी देश की सुरक्षा रणनीति का हिस्सा नहीं बनेगी। यह वार्ता 30 अगस्त को चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के अवसर पर हुई थी।

# आईडीएफ ने गाजा में तबाह किए हमास के भूमिगत ठिकाने, मिस्र ने की इस्राइली सैन्य कार्रवाई की आलोचना

**तेल अवीव/काहिरा, एजेंसी।** इस्राइली सेना ने सोमवार को गाजा पट्टी में आतंकवादी संगठनों और उनके ठिकानों को निशाना बनाते हुए अभियान जारी रखा। इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने बताया कि उन्होंने गाजा के कई हिस्सों में कार्रवाई की।

आईडीएफ ने बताया कि उत्तर गाजा में तोपों से हमला कर निगरानी चौकियों और एक ऐसी जगह को नष्ट किया गया, जहां से एंटी टैंक मिसाइल चलाई गई थी। इस कार्रवाई में किसी भी इस्राइली सैनिकों को नुकसान नहीं हुआ। सैनिकों ने जबालिया के पास लगे कैमरों और भूमिगत विस्फोटक ठिकानों को भी हटाया। दक्षिण गाजा में भी आतंकियों और उनके भूमिगत ठिकानों को निष्क्रिय किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर रहा इस्राइल-मिस्र

उधर, मिस्र ने गाजा पट्टी में इस्राइल की सैन्य कार्रवाई और उसके विस्तार की निंदा की। मिस्र ने कहा कि इस्राइल अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन कर रहा है, जबकि दुनिया इस युद्ध और क्षेत्रीय तनाव को खत्म करना चाहती है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मिस्र और कतर की ओर से दिए गए संघर्षविराम प्रस्ताव पर इस्राइल की ओर से जवाब न आना यह दिखाता है कि वह शांति और तनाव कम करने के प्रयासों के खिलाफ है।



# विराट कोहली लंदन में फिटनेस टेस्ट देने वाले एक मात्र भारतीय, बीसीसीआई पर उठे सवाल

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने लंदन में अपना फिटनेस टेस्ट करवाया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने कथित तौर पर सीनियर बल्लेबाज को विशेष छूट देते हुए उन्हें लंदन में अनिवार्य फिटनेस टेस्ट देने की अनुमति दे दी है, जबकि बाकी राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों ने पिछले हफ्ते बेंगलुरु स्थित BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) में टेस्ट के लिए रिपोर्ट किया था।

इस साल के अंत में शुरू होने वाले व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सीजन से पहले किए जा रहे फिटनेस आकलन में रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज जैसे शीर्ष खिलाड़ियों का 29 अगस्त को BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मूल्यांकन किया गया। एक रिपोर्ट के अनुसार कोहली को लंदन में निगरानी में अपना फिटनेस टेस्ट देने की अनुमति दी गई, यह एक ऐसा फैसला है जिसने सभी खिलाड़ियों के लिए आमतौर पर अपेक्षित एक समान प्रोटोकॉल को देखते हुए लोगों को चौंका दिया।

कोहली टी20 और टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं, केवल एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उपलब्ध हैं और अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम का हिस्सा होने की उम्मीद है। BCCI के फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोचों की टीम ने बोर्ड को व्यक्तिगत फिटनेस रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कोहली का लंदन स्थित मूल्यांकन भी शामिल था।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि BCCI के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मानक प्रक्रिया से विचलन पर सीधे तौर पर बात नहीं की, लेकिन पुष्टि की कि कोहली ने विदेश में परीक्षण कराने के लिए 'पूर्वानुमति ली होगी'। हालांकि इस घटना ने इस बात पर एक शांत बहस को जन्म दिया है कि क्या भविष्य में अन्य खिलाड़ियों को भी इसी तरह की छूट दी जा सकती है, खासकर उन खिलाड़ियों को जो विदेश में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं या भारत के बाहर व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं के साथ हैं।

परीक्षण का पहला चरण मुख्य रूप से आधारभूत शक्ति और रिकवरी पैटर्न पर केंद्रित था। फिटनेस टेस्ट पूरा करने वाले खिलाड़ियों में कोहली के अलावा रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और संजू सैमसन जैसे स्थापित नाम शामिल हैं, साथ ही रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा और रिंकू सिंह जैसी उभरती हुई प्रतिभाएँ भी शामिल हैं। हालांकि अधिकांश खिलाड़ी आवश्यक फिटनेस मानदंडों पर खरे उतरे,



लेकिन कुछ खिलाड़ियों का चल रही कंडीशनिंग या कार्यभार प्रबंधन के कारण आंशिक मूल्यांकन ही हुआ। परीक्षण का दूसरा चरण सितंबर में निर्धारित है और इसमें वे खिलाड़ी शामिल होंगे जो वर्तमान में पुनर्वास या ÷खेल में वापसी÷ चरण में हैं। केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और नितीश रेड्डी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिनका अगले महीने मूल्यांकन होने की उम्मीद है।

## ध्रुव जुरेल को हुआ डेंगू, बड़े घरेलू टूर्नामेंट से हुए बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य क्षेत्र के कप्तान बनाए गए ध्रुव जुरेल डेंगू से पीड़ित होने के कारण दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे। मध्य क्षेत्र के ध्रुव जुरेल 4 सितंबर से पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले का हिस्सा नहीं होंगे। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले टीम के कप्तान बनाए गए इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कमर में दर्द के कारण क्वार्टर फाइनल में हिस्सा नहीं लिया था। अब जुरेल के बीमारी के कारण लंबे समय तक मैदान से बाहर रहने की उम्मीद है।

मध्य क्षेत्र के मुख्य कोच उस्मान गनी ने दावा किया है कि जुरेल डेंगू से पीड़ित हैं और इसलिए दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उन्होंने बताया कि अक्षय वाडकर को विकेटकीपर-बल्लेबाज की जगह टीम में शामिल किया गया है। जुरेल की अनुपस्थिति में रजत पाटीदार ने नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में सेंट्रल जोन की कप्तानी की। इससे पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि जुरेल अपनी कमर की चोट के कारण सेमीफाइनल से बाहर रहेंगे। हालांकि, ऐसा नहीं है।

विदर्भ और सेंट्रल जोन के मुख्य कोच उस्मान गनी ने कहा, 'हां, वाडकर को सेंट्रल ज़ोन टीम में शामिल किया गया है क्योंकि जुरेल डेंगू से पीड़ित हैं। वह अगले मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं और हमें टीम में एक और विकेटकीपर की जरूरत थी।'



जुरेल आखिरी बार भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में नजर आए थे, जहां उन्होंने चोटिल ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में विकेटकीपिंग की थी। जुरेल के अलावा, कुलदीप यादव ने भी टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है क्योंकि वह एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम के साथ दुबई जाएंगे।

### मध्य क्षेत्र की अपडेटिड टीम

रजत पाटीदार (कप्तान), अक्षय वाडकर, आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, यश ठाकुर, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार, खलील अहमद

स्टैंडबाय : माधव कौशिक, युवराज चौधरी, महिपाल लोमरोर, कुलदीप सेन, उपेंद्र यादव

## आईसीसी एकदिवसीय ऑलराउंडरों की रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचे जिम्बाब्वे के रजा

**–एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शुभमन, टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में पंड्या शीर्ष पर बरकरार**



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा एकदिवसीय रैंकिंग में जिम्बाब्वे के अनुभवी खिलाड़ी सिकंदर रजा ऑलराउंडरों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। रजा के अब 302 रेटिंग अंक हैं। रजा ने अफगानिस्तान के ऑलराउंडरों अजमतुल्लाह उमरजई 296 अंक और मोहम्मद नबी 292 अंक को पीछे छोड़ा। अब उमरजई दूसरे और नबी तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। रजा ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 92 और नाबाद 59 रनों के अलावा एक विकेट भी लिया था। इससे रजा को बल्लेबाजी रैंकिंग में भी नौ स्थान का लाभ हुआ है और वह 22वें स्थान पर चले गए हैं। एकदिवसीय मैचों की सीरीज के बाद श्रीलंकाई खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में लाभ हुआ है। पथुम निसांका 654 अंक लेकर बल्लेबाजी रैंकिंग में सात स्थान ऊपर आकर 13वें पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सीरीज में 122 और 76 रन बनाये। वहीं जनिथ लियानागे 13 स्थान के लाभ के साथ ही 29वें स्थान पर पहुंच गये हैं। दूसरी ओर गेंदबाजी रैंकिंग में असिथ फर्नांडो छह पायदान के लाभ के साथ ही 31वें स्थान पर और दिलशान मदुशंका आठ स्थान ऊपर आकर 52वें स्थान पर आ गये हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज नंबर-1 एकदिवसीय गेंदबाज बने हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय में चार विकेट लेने के बाद 31 रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ ही कुल 690 अंक हासिल किये हैं। वहीं भारतीय टीम के शुभमन गिल एकदिवसीय बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। शुभमन के 784 अंक हैं। वहीं टी20 रैंकिंग में भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या 252 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं।

## दलीप ट्रॉफी : आज से शुरू होगा सेमीफाइनल, इन खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और शार्दुल ठाकुर गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की तरफ से मध्य क्षेत्र के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी करने के लिए अपना मजबूत दावा पेश करने की कोशिश करेंगे। अय्यर को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया लेकिन वह यहां सत्र की शानदार शुरुआत करके वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला तथा उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले खुद को दावेदारी में बनाए रखना चाहेंगे।

अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में पंजाब किंग्स के लिए 17 मैचों में 50.33 की औसत और 175 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद वह एशिया कप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पाए। उनके अच्छे प्रदर्शन का फायदा पश्चिम क्षेत्र को भी मिलेगा। जहां तक जायसवाल का सवाल है तो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर दी है लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह राष्ट्रीय चयन समिति की पहली की पसंद नहीं हैं। वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले लाल गेंद की क्रिकेट में अपना



अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे।

जायसवाल का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट था और उन्हें अगला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला तक इंतजार करना पड़ सकता है। दूसरी ओर ठाकुर पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और इसलिए चयनकर्ताओं की नजरों में बने रहने के लिए वह अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की कोशिश करेंगे।

पश्चिम क्षेत्र की टीम के अन्य प्रमुख सदस्य जैसे रुतुराज गायकवाड़ और तनुश कोटियन अभी अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान खींचना चाहेंगे। जहां तक मध्य क्षेत्र का सवाल है तो ध्रुव जुरेल अगर कमर की चोट से उबर जाते हैं तो वह टीम की कमान संभाल सकते हैं। यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाया था। जुरेल के बिना भी उनकी बल्लेबाजी दमदार रही, क्योंकि कार्यवाहक कप्तान रजत पाटीदार, दानिश मालेवार और शुभम शर्मा ने बड़े शतक जड़े। उनके पास बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे तथा तेज गेंदबाज खलील अहमद और दीपक चाहर के रूप में मजबूत गेंदबाजी इकाई भी है।

एक अन्य सेमीफाइनल में उत्तर क्षेत्र का मुकाबला दक्षिण क्षेत्र से होगा। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान तिलक वर्मा एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल है और इसलिए इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा दक्षिण क्षेत्र को तेज गेंदबाज वैसाख विजयकुमार और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर की भी कमी खलेगी जो चोटिल हैं। इसलिए दक्षिण क्षेत्र को उत्तर क्षेत्र की चुनौती से निपटने के लिए एन जगदीशन, देवदत्त पडिक्कल और सलमान निजार जैसे खिलाड़ियों से अच्छे स्कोर की आवश्यकता होगी। उत्तर क्षेत्र को तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की कमी खलेगी जो एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं। उत्तर क्षेत्र की बल्लेबाजी का दारोमदार आयुष बडोनी और कप्तान अंकित कुमार पर रहेगा।

## अश्विन ये मशहूर टी20 लीग खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे, बोर्ड से बाचचीत जारी

नई दिल्ली । रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाद IPL से भी संन्यास ले लिया है जिससे उनके विदेशी लीग्स में खेलने के रास्ते खुल गए हैं। अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन संभावना है कि पूर्व भारतीय स्पिनर बिग बैश लीग के अगले सीजन में खेलते नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग पिछले हफ्ते IPL से संन्यास की घोषणा के बाद से ही इस अनुभवी ऑफ स्पिनर के बिग बैश लीग में खेलने की संभावना को लेकर उनके संपर्क में हैं। ग्रीनबर्ग एक 'चैंपियन क्रिकेटर' और अश्विन जैसी क्षमता वाले खिलाड़ी के बीबीएल में खेलने को लेकर उत्साहित हैं। ग्रीनबर्ग ने कहा, 'अश्विन जैसी योग्यता वाले किसी खिलाड़ी का BBL के लिए यहां आना कई स्तरों पर शानदार होगा। वह एक चैंपियन क्रिकेटर हैं जो बिग बैश और हमारे क्रिकेट समर में बहुत कुछ लेकर आएंगे।' अगर यह सौदा हो जाता है तो अश्विन BBL में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे। 38 वर्षीय अश्विन ने अपने 14 साल के करियर में 287 मैचों में 765 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए हैं। अश्विन ने पहले सोशल मीडिया पर आईपीएल से संन्यास लेने के अपने फैसले के बारे में पोस्ट किया था, क्योंकि उन्होंने इस धन-संपन्न टूर्नामेंट में 221 मैचों में से केवल पाँच मैच खेले थे।




## कृष्णा बोले, मैंने तारीफ की थी पर बेवजह भड़क गये थे रुट



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा है कि ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट के दौरान उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट की तारीफ की थी पर उसे गलत समझ लिया गया। कृष्णा के अनुसार वह समझ नहीं पाये कि रुट इतने गुस्से में क्यों आ गये थे, इस मैच में रूट और कृष्णा के बीच काफी बहस हुई थी। कृष्णा ने इसी को लेकर से कहा, ''मुझे नहीं पता कि रूट क्यों भड़क गये दी। मैंने तो बस इतना कहा था, 'आप अच्छे लग रहे हो' और इसी से बात बिगड़ गयी। मैंने कई खिलाड़ियों से बात की। मैंने रूट से भी बात की। मैंने पूछा क्या हुआ था तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगा तुमने मुझे गाली दी'। मैंने कहा, 'नहीं, मैंने तो ऐसा कुछ नहीं कहा था'। रूट ने फिर कहा, 'असल में मैं अपने को भी प्रेरित करने की कोशिश कर रहा था, इसलिए बात बढ़ गयी थी।'' वहीं कृष्णा ने कहा, ''मैं हमेशा से इसे इसी तरह खेलता आया हूं। हर किसी को खासकर उनके जैसे दिग्गज को आज भी अपना सब कुछ झोंकते और टीम के लिए संघर्ष करते देखकर अच्छा लगता है। आप मैच जीतने के लिए मैदान में जाते है। इसके लिए कभी-कभी आपको कौशल से ज्यादा की जरूरत होती है। उस सफर का हिस्सा बनने के लिए मानसिक मजबूती की जरूरत होती है।'' कृष्णा ने इंग्लैंड में तीन टेस्ट मैच खेले और इनमें कुल 14 विकेट लिए। वहीं रुट ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 500 से ज्यादा रन बनाये हैं।

## भारत के प्रणव नें जीता फुजेराह ग्लोबल शतरंज चैंपियनशिप का खिताब

**फुजेराह , यूएई (एजेंसी)।** फुजेराह ग्लोबल शतरंज चैंपियनशिप के सुपर स्टार्स वर्ग का खिताब भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी प्रणव वी नें अपने नाम कर लिया है। प्रणव नें अंतिम राउंड में पहले बोर्ड पर स्पेन के ग्रांड मास्टर एलन पीचोट को एक शानदार हाथी के एंडगेम में पराजित करते हुए 7 अंक बनाकर शानदार अंदाज में यह प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया है। इसके साथ ही प्रणव नें अपनी लाइव रेटिंग में 28 अंक जोड़ते 2631 की अपने खेल जीवन की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पर पहुँच गए है। साथ ही उन्होने 17.6 फीडे सर्किट अंक भी हासिल कर लिए है। पहले पुरुस्कार के तौर पर प्रणव नें 23000 डॉलर भी अपने नाम किए।

शीर्ष 10 के सभी बोर्ड पर हर बाजी का अपना महत्व था क्यूंकी हर परिणाम शीर्ष 10 के खिलाड़ियों को तय करने वाला था। दूसरे बोर्ड पर ईरान के अमीन तबातबाई को जर्मनी के अलेक्ज़ेंडर डोनचेंको नें ड्रॉ पर रोका तो ब्रांडोन नें आज



तीसरे बोर्ड पर शीर्ष वरीय भारत के निहाल सरीन से बाजी ड्रॉ खेली वहीं चौथे बोर्ड पर हंगरी के सनन सुज्गिरोव को यूएसए के अभिमन्यु मिश्रा नें ड्रॉ पर रोक लिया वही इन तीनों ड्रॉ का फायदा मिला मेक्सिको के होस एडुयार्डो मार्टिनेज को जिन्होने यूएसए के सैम शंकलंद को पराजित करते हुए शीर्ष तीन में अपना स्थान पक्का कर लिया

6 अंको पर तीन खिलाड़ियों के बीच टाई की स्थिति थी जिसमें बेहतर टाईब्रेक के आधार पर यूएसए के ब्रांडोन जेकोब्सन नें दूसरा , मेक्सिको के होस एडुयार्डो मार्टिनेज नें तीसरा और ईरान के अमीन तबातबाई नें चौंथा स्थान अपने नाम किया। इन खिलाड़ियों को क्रमशः 13 हजार , 9 हजार और 8 हजार डॉलर जीते।

प्रतियोगिता में एक मात्र महिला खिलाड़ी चीन की जू जिनर नें अंतिम राउंड में एक बार फिर शानदार खेल दिखाया और बुल्गारिया के इवान चेपारिनोव को पराजित करते हुए 5.5 अंको पर सबसे बेहतर टाईब्रेक के साथ पाँचवाँ स्थान अपने नाम किया और साथ ही 7000 डॉलर का पूरुस्कार भी अपने नाम कर लिया।

अन्य खिलाड़ियों नें टाईब्रेक के आधार पर भारत के आदित्य मित्तल ,जर्मनी के अलेक्ज़ेंडर डोनचेंको, हंगरी के सनन सुज्गिरोव ,यूएसए के अभिमन्यु मिश्रा और चीन के लू शांगलाई दसवें स्थान पर रहे।

मास्टर्स वर्ग में यूएसए के ब्रेविंगटन हार्डवे नें 7.5 अंको के साथ पहला स्थान हासिल किया तो 7 अंको पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर टर्की के अता उमूत अकबस दूसरे और ईरान के आर्तिन अशरफ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 7 ही अंको पर भारत के कार्तिक वेंकटरामन चौंथे और ईरान के रेज़ा महादवी पांचवें स्थान पर रहे।

## एशिया कप में फिर कुलदीप की हो सकती है उपेक्षा : मनिंदर

मुम्बई । दिग्गज स्पिनर मनिंदर सिंह ने कहा है कि बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की लगातार उपेक्षा हो रही है। मनिंदर को लगता है कि ऐसे में एशिया कप में भी उन्हें खेलने का अवसर शायद ही मिले। इसका कारण है कि टीम प्रबंधन अक्सर ऐसे गेंदबाजों को वरीयता देता है जो बल्ले से भी योगदान दे सकें। इस पूर्व स्पिनर ने कहा है कि कुलदीप को टीम में शामिल न करने के कारण ही भारतीय टीम इंग्लैंड में सीरीज़ नहीं जीत पायी। इस पूर्व स्पिनर का मानना है कि अगर कुलदीप टीम में होते तो भारतीय टीम टेस्ट सीरीज जीतती। मनिंदर ने कहा, अगर कुलदीप इंग्लैंड में खेलते, तो भारत 3-1 से जीत जाता। उन्होंने कहा कि हमने जिन गेंदबाजों को चुना था, उनके साथ चौथी पारी में 371 रनों का पीछा करना हमेशा से ही संभव था पर कुलदीप के साथ चीजें अलग होतीं। हमारा चयन जीत के बजाय हार न मानने पर था। अगर हमें जीतना होता, तो कुलदीप हर टेस्ट खेलते। विश्व क्रिकेट में उनके जैसे खिलाड़ी कम ही मिलते हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज उनकी गुगली या लेग-ब्रेक को समझ नहीं पाते। उस पहले टेस्ट में अगर कुलदीप चौथे और पांचवें दिन गेंदबाजी कर रहे होते, तो उनके पास 371 रनों का पीछा करने का कोई मौका नहीं होता। इस पूर्व स्पिनर कहा कि इसी को देखते हुए एशिया कप में भी कुलदीप को अंतिम ग्यारह में शामिल किये जाने की कम ही उम्मीदें हैं। ऐसे में प्रबंधन उनकी जगह अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती को अवसर दे सकता है।



## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय में हारी इंग्लैंड, डेब्यू मैच में फ्लॉप रहे बेकर

हैडिंग्ले। इंग्लैंड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में पहले बल्लेबाज करते हुए इंग्लैंड की टीम 24.3 ओवर में केवल 131 रन ही बना पायी। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 18.1 ओवर में ही 121 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस मैच में डेब्यू करने वाले इंग्लैंड के के तेज गेंदबाज सनी बेकर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने सात ओवर में ही 76 रन दे दिये पर कोई भी विकेट नहीं ले पाये। इस प्रकार वह इंग्लैंड की ओर से डेब्यू मैच में ही सबसे खराब गेंदबाजी करने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले स्पिनर लियाम डॉसन के नाम ये रिकार्ड दर्ज था।

बेकर ने अपने सात ओवर में ही 42 रन लुटा दिये। वहीं डॉसन ने भी अपने पहले ही मैच में 8 ओवर में 70 रन दे दिए थे और उन्हें कोई भी विकेट नहीं मिला। उन्होंने साल 2016 में पाक के खिलाफ ये अनचाहा रिकॉर्ड बनाया था। इस सीरीज के पहले ही मैच में बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 24.3 ओवर में केवल 131 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से स्पिनर केशव महाराज ने 5.3 ओवर में ही 22 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए।.

## दक्षिण अफ्रीका ने महिला विश्वकप के लिए टीम घोषित की, 17 वर्षीय खिलाड़ी को मिला मौका



केपटाउन । दक्षिण अफ्रीका ने इस महीने के आखिर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए घोषित 15 सदस्यीय टीम में 17 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज कराबो मेसो को शामिल किया है। चयनकर्ताओं ने लॉरा वोल्वाड्र्ट की अगुवाई वाली टीम में शीर्ष क्रम की बल्लेबाज एनेके बॉश और ऑलराउंडर नादिन डी क्लार्क और एनेरी डकर्सेन को भी टीम में जगह मिली है। ये तीनों इससे पहले टी20 विश्वकप में टीम का हिस्सा रह चुकी हैं। ये तीनों खिलाड़ी और मेसो पहली बार एकदिवसीय विश्वकप में खेलेंगी। मेसो ने केवल दो एकदिवसीय मैच खेले हैं और कुल सात सीनियर अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, लेकिन दो अंडर-19 विश्व कप में हिस्सा ले चुकी हैं और इस साल की शुरुआत में स्टेन सिटी के साथ दक्षिण अफ्रीका 20 स्कूल्स का खिताब जीता है। मेसो उन दो खिलाड़ियों में से एक हैं जो पहली बार विश्व कप में खेलेंगी। ऑफ स्पिन गेंदबाज ऑलराउंडर नोंदुमिसो शंगासे का भी यह पहला एकदिवसीय विश्वकप हैं।

**महिला वनडे विश्वकप के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम**

लॉरा वोल्वाड्र्ट, एनेके बॉश, ताजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लर्क, एनेरी डकर्सन, सिनालो जाफ्ता, मारिजन कप्प, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, कराबो मेसो, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, नोंदुमिसो शांगासे और क्लो ट्रायॉन।

# लवलीना, जरीन विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और निखत जरीन 4 सितंबर से इंग्लैंड में शुरू होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में 20 सदस्यीय भारतीय दल का नेतृत्व करेंगी। इस खेल की नवगठित वैश्विक शासी संस्था, विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप का पहला संस्करण एम एंड एस बैंक एरिना में होगा और 14 सितंबर को समाप्त होगा।

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 65 से अधिक देशों के 550 से अधिक मुक्केबाज, जिनमें 17 पेरिस 2024 ओलंपिक पदक विजेता शामिल हैं, 20 भार वर्गों (10 पुरुष और 10 महिला) में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में एक सप्ताह के मूल्यांकन के बाद जुलाई में भारतीय टीम का चयन किया गया था। बोरगोहेन 75 किग्रा वर्ग में, जरीन 51 किग्रा वर्ग में, जबकि ओलंपियन पूजा रानी 80 किग्रा वर्ग में मुक्केबाजी करेंगी।

पेरिस 2024 के बाद से बोरगोहेन और जरीन की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी हो रही है। अन्य उल्लेखनीय भारतीय मुक्केबाजों में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा) और विश्व मुक्केबाजी कप के स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया (70 किग्रा) और अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) शामिल हैं। चैंपियनशिप नॉकआउट प्रारूप में होगी, जिसमें सेमीफाइनल में हारने वालों को कांस्य पदक दिए जाएंगे।

प्रत्येक मुकाबले में तीन-तीन मिनट के राउंड होंगे, जिनका निर्णय 'टेन पॉइंट मस्ट' प्रणाली के अनुसार होगा। क्वार्टर फाइनल 10 सितंबर से, सेमीफाइनल 12-13 सितंबर से और फाइनल 14 सितंबर से शुरू होंगे। चैंपियनशिप की लाइव स्ट्रीमिंग भारत में वर्ल्ड बॉक्सिंग के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध होगी। देश में इसका कोई लाइव टीवी प्रसारण नहीं होगा।

### विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम

**महिलाएं :** मीनाक्षी हुडा (48 किग्रा), निखत जरीन (51 किग्रा), साक्षी (54 किग्रा), जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा), संजू खत्री (60 किग्रा), नीरज फोगाट (60 किग्रा), सनामाचा चानू (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा), नुपुर श्योरण (80 किग्रा)

**पुरुष :** जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (50 किग्रा), पवन बर्तवाल (55 किग्रा), सचिन सिवाच जूनियर (60 किग्रा), अभिनाश जामवाल (65 किग्रा), हितेश गुलिया (70 किग्रा), सुमित कुंडू (75 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), जुगनू अहलावत (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा) मुख्य प्रारंभिक और अंतिम राउंड



शेड्यूल (आईएसटी) *

4-10 सितंबर : पुरुष और महिला वर्ग के प्रारंभिक दौर

12-13 सितंबर : सेमीफाइनल

# अगस्त में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कुल 34,236 यूनिट्स बेचीं

**नई दिल्ली ।**

अगस्त 2025 में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कुल 34,236 यूनिट्स बेचीं, जिनमें से 29,302 यूनिट्स घरेलू बाजार और 4,934 यूनिट्स एक्सपोर्ट के लिए थीं। कंपनी ने अपने बिक्री के आंकडे हाल ही में जारी कर दिए। कंपनी द्वारा जारी यह आंकड़ा पिछले साल अगस्त की बिक्री की तुलना में 11प्रतिशत ज्यादा है। जनवरी से अगस्त 2025 तक, कंपनी ने कुल 2,41,696 यूनिट्स बेचीं, जो 2024 की इसी अवधि की तुलना में 14 प्रतिशत ज्यादा है। इसका श्रेय कंपनी की बेस्ट-सेलिंग एमपीवी इनोवा को जाता है, जिसने लगातार 20 सालों से भारतीय ग्राहकों का भरोसा जीता है और अब तक 12 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं। टोयोटा के वाइस प्रेसिडेंट वरिंदर वाधवा ने कहा कि ग्राहकों का विश्वास उनकी सबसे बड़ी ताकत है और फेस्टिव सीजन में कंपनी और भी वैल्यू-एडेड सेवाएं लेकर आएगी। इसके अलावा, टोयोटा ने हाल ही में अर्बन क्रूजर टैसोर का नया अपडेटेड वर्जन लॉन्च किया है, जिसमें ब्ल्यूइस ब्लेक कलर और सभी वेरिएंट्स में स्टैंडर्ड 6 एयरबैग्स दिए गए हैं। वहीं, कंपनी ने अपनी लक्ज़री सेडान कामरी हायब्रिड का नया स्प्रींट एडिशन भी पेश किया है, जो और भी स्पोर्टी लुक में आता है। टोयोटा का मेक-इन-इंडिया फोकस भी साफ नजर आ रहा है। कंपनी ने कामाराजार पोर्ट लिमिटेड (केपीएल) के साथ नया समझौता किया है ताकि भारत से एक्सपोर्ट को और बढ़ाया जा सके।




## भारत में सैमसंग का नया गैलेक्सी एफ17 5जी होगा लॉन्च




**नई दिल्ली ।**

सैमसंग जल्द ही भारत में अपना नया गैलेक्सी एफ17 5जी लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसकी शुरुआती कीमत 14,990 रुपये होगी। यह डिवाइस 6 साल तक ओएस और सिक्योरिटी अपडेट देने का वादा करता है। गैलेक्सी एफ17 5जी में 6.67-इंच का सुपर अमोलेड डिस्प्ले होगा, जिसमें फुल एचडी प्लस रिज़ॉल्यूशन और 120एचझेड रिफ्रेश रेट मिलेगा। यह गेमिंग और वीडियो स्ट्रीमिंग पसंद करने वालों के लिए बेहतरीन अनुभव देगा। फोन में एक्सीनोस 1330 चिपसेट होगा, जो 5जी कनेक्टिविटी और स्मूद परफॉर्मेंस सुनिश्चित करेगा। कैमरे की बात करें तो इसमें ट्रिपल कैमरा सेटअप होगा। 50एमपी का प्राइमरी कैमरा, 13एमपी अल्ट्रा-वाइड और 2एमपी मैक्रो लेंस के साथ, यह शानदार फोटोग्राफी का अनुभव देगा। वहीं, सेल्फी के लिए 32एमपी का फ्रंट कैमरा मिलने की उम्मीद है। फोन में 5000एमएएच की बैटरी होगी, जो 25वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करेगी।

सैमसंग इस फोन को एंड्राएड 15 आधारित वनयूआई वन यूआई 7 पर लॉन्च करेगा। गोरिल्ला ग्लास प्रोटेक्शन के साथ आने वाला यह फोन डिज़ाइन में भी आकर्षक होगा। इसकी बिक्री फलीपकार्ट सैमसंग की ऑफिशियल वेबसाइट और रिटेल स्टोर्स पर होगी। कंपनी का लक्ष्य उन यूजर्स को आकर्षित करना है जो कम बजट में भी एक फीचर-पैक्ड 5जी स्मार्टफोन चाहते हैं।

## बीते महीने बजाज ऑटो ने की कुल 4,17,616 यूनिट्स की बिक्री

**नई दिल्ली ।**

बजाज ऑटो के लिए अगस्त 2025 का महीना काफी अच्छा रहा। बजाज ऑटो कंपनी ने इस महीने कुल 4,17,616 यूनिट्स की बिक्री की। यह बिक्री पिछले साल अगस्त 2024 की तुलना में 5प्रतिशत ज्यादा है।

हालांकि, इस बढ़त का मुख्य कारण ओवरसीज मार्केट रहा, क्योंकि घरेलू मार्केट में अभी भी सुस्ती देखने को मिली। टू-व्हीलर सेगमेंट में कंपनी ने 3,41,887 यूनिट्स बेचीं, जो सालाना आधार पर सिर्फ 2प्रतिशत ज्यादा रही। वहीं, घरेलू बिक्री 12प्रतिशत घटकर 1,84,109 यूनिट्स पर आ गई।

लेकिन एक्सपोर्ट्स ने इस गिरावट की भरपाई कर दी। कंपनी ने अगस्त में 1,57,778 यूनिट्स एक्सपोर्ट किए, जो 25प्रतिशत की जोरदार बढ़त है। कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट ने बजाज के लिए और भी बेहतर प्रदर्शन किया।

इस श्रेणी में कुल बिक्री 21प्रतिशत बढ़कर 75,729 यूनिट्स पर पहुंच गई। खासतौर पर एक्सपोर्ट्स में 58प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि देखने को मिली, जो 27,440 यूनिट्स तक पहुंच गई। वहीं, घरेलू बाजार में भी 7प्रतिशत बढ़त दर्ज हुई और बिक्री 48,289 यूनिट्स रही। विशेषज्ञों का मानना है कि फेस्टिव सीजन आने से कंपनी की घरेलू बिक्री में भी सुधार होगा।

## एनलॉन हेल्थकेयर की बाजार में धीमी लेकिन स्थिर शुरुआत

**नई दिल्ली ।**

एनलॉन हेल्थकेयर लिमिटेड के शेयरों ने बुधवार को शेयर बाजार में धीमी शुरुआत की। कंपनी के शेयर बीएसई पर 91 रुपए के निर्गम मूल्य पर सूचीबद्ध हुए, जबकि एनएसई पर यह एक प्रतिशत की बढ़त के साथ 92 रुपए पर लिस्ट हुआ। लिस्टिंग के समय कंपनी का बाजार पूंजीकरण 487.93 करोड़ रुपए रहा। कंपनी के 121 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और अंतिम दिन तक इसे 7.12 गुना अभिदान प्राप्त हुआ। आईपीओ का मूल्य दायरा 86 से 91 रुपए प्रति शेयर तय किया गया था।

हालांकि लिस्टिंग प्रीमियम सीमित रहा, लेकिन मजबूत सब्सक्रिप्शन यह दर्शाता है कि निवेशकों में कंपनी को लेकर विश्वास है। आगे की कीमतों पर नज़र रखने से निवेशकों को स्पष्ट रणनीति बनाने में मदद मिल सकती है।




## वीवो एक्स300स्मार्टफोन अक्टूबर में होगा लॉन्च

**नई दिल्ली ।** चाइनीज कंपनी वीवो ने फ्लैगशिप सीरीज़ वीवो एक्स300 स्मार्टफोन अक्टूबर में लॉन्च होगा। यह दुनिया का पहला फोन होगा जिसमें डायमेंसिटी 9500 चिपसेट दिया जाएगा। वीवो एक्स300 का सबसे बड़ा हाइलाइट इसका कैमरा सेटअप है। इसमें 200एमपी का प्राइमरी कैमरा होगा, जो खासतौर पर वीवो के लिए तैयार किया गया सैमसंग एचपीबी सेंसर है। यह सेंसर 23एमएम अल्ट्रा-क्लियर आउटपुट और 50एमएम हाई-रेज़ॉल्यूशन शॉट्स को सपोर्ट करता है। इसमें झेसिस टी कोटिंग और ब्लू ग्लास भी है, जिससे फोटो की क्वालिटी और भी बेहतर हो जाती है। इसके अलावा फोन में 50एमपी अल्ट्रा-वाइड कैमरा और 50एमपी पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस मिलेगा। पेरिस्कोप लेंस में सोनी आईएमएक्स 885 सेंसर और 3एक्स ऑप्टिकल जूम होगा, जो मैक्रो फोटोग्राफी को भी सपोर्ट करेगा। लीक के मुताबिक वीवो एक्स300 प्रो वेरिएंट में 200एमपी पेरिस्कोप टेलीफोटो, 50एमपी अल्ट्रा-वाइड और 50एमपी प्राइमरी कैमरा का और भी एडवांस सेटअप मिलेगा।

# सोने-चांदी की कीमतों ने बनाया नया रिकॉर्ड

**- सोना 1,06,199 प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,25,249 प्रति किलो**

**नई दिल्ली ।**

घरेलू वायदा बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों ने नए रिकॉर्ड बनाए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर वायदा सोना 1,06,199 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। सुबह के कारोबार में यह कॉन्ट्रेक्ट 407 की तेजी के साथ खुला और खबर लिखे जाने तक 1,06,060 रुपए पर कारोबार कर रहा था। सोने के दामों में लगातार हो रही तेजी के पीछे वैश्विक अनिश्चितता, डॉलर में कमजोरी और सुरक्षित निवेश के प्रति बढ़ती मांग को कारण माना जा रहा है। इस महीने अब तक सोने ने 1,06,199 रुपए का नया शिखर छू लिया है। दूसरी ओर, चांदी के दामों में मंगलवार को रिकॉर्ड तेजी के बाद आज थोड़ी नरमी देखी गई। एमसीएक्स पर दिसंबर वायदा चांदी 89 रुपए की गिरावट के साथ 1,24,441 प्रति किलो पर खुली। दिन के दौरान यह 1,24,432 रुपए के स्तर तक फिसल गई। हालांकि इस महीने इसका उच्चतम स्तर 1,25,249 रुपए रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना-चांदी मजबूत स्थिति में हैं। कॉमेक्स पर सोना 3,600 डॉलर प्रति औंस पर खुला और खबर लिखे जाने तक 3,597.20 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। इसने साल का उच्चतम स्तर 3,616.90 डॉलर छू लिया है। वहीं, चांदी 41.15 डॉलर पर खुलकर 41.26 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता बनी रही तो सोने-चांदी की कीमतों में और तेजी देखी जा सकती है।



## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 9 पैसे की बढ़त के साथ ही 88.06 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे की बढ़त के साथ 88.00 के स्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को रुपया अपने अब तक के सर्वकालिक निचले स्तर 88.15 पर बंद हुआ था। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया आज 88.15 पर खुला और बाद में 88.00 तक मजबूत हुआ। हालांकि, विदेशी निवेशकों द्वारा पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों में डॉलर की मजबूती के कारण रुपये की बढ़त सीमित रही। डॉलर सूचकांक, जो डॉलर की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले स्थिति को दर्शाता है, 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ 98.48 पर पहुंच गया। विशेषज्ञों का मानना है कि निकट भविष्य में डॉलर की चाल और विदेशी निवेश की दिशा रुपये की स्थिति तय करेगी। बाजार सहभागियों की नजर अब अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों और फेडरल रिजर्व की नीति पर टिकी है।




## अर्बन कंपनी का 1,900 करोड़ का आईपीओ 10 सितंबर से खुलेगा

**नई दिल्ली ।** मोबाइल ऐप आधारित घरेलू एवं सौंदर्य सेवा मंच अर्बन कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए 98 रुपए से 103 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का कुल मूल्यांकन 14,790 करोड़ रुपए के करीब आंका गया है। आईपीओ 10 से 12 सितंबर तक खुलेगा, जबकि एंकर निवेशक 9 सितंबर को बोली लगाएंगे। कंपनी नए शेयर जारी कर 472 करोड़ रुपए जुटाएगी, जबकि मौजूदा निवेशक 1,428 करोड़ रुपए के शेयर बेचेंगे। प्रमुख निवेशक एक्सेल इंडिया, बेसेमर इंडिया कैपिटल, एलिवेशन कैपिटल सहित अन्य शेयर बेचेंगे। आईपीओ से मिले पैसे का इस्तेमाल नई तकनीक, क्लाउड अवसंरचना, मार्केटिंग और कॉर्पोरेट कार्यों के लिए किया जाएगा। गुरुग्राम स्थित अर्बन कंपनी घरेलू सेवाओं में डिजिटल बदलाव ला रही है और निवेशकों के लिए अच्छा अवसर प्रस्तुत कर रही है।

## देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में 15 साल के उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली ।**

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त 2025 में 15 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। यह वृद्धि मुख्य रूप से मांग की बेहतर स्थिति और नए ऑर्डर तथा उत्पादन में तेजी से हुई बढ़ोतरी के कारण संभव हुई है। एचएसबीसी इंडिया के मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई के 60.5 से बढ़कर अगस्त में 62.9 हो गया। यह जून 2010 के बाद सेवा क्षेत्र में विस्तार की सबसे तेज दर को दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार और 50 से नीचे अंक का मतलब संकुचन होता है। सर्वेक्षण के अनुसार अगस्त में मांग में उल्लेखनीय सुधार ने नए ऑर्डर और गतिविधियों को 15 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया। इसके साथ ही, उत्पादन शुल्क में भी जुलाई 2012 के बाद सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। मुद्रास्फीति की दर नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिससे कीमतों में तेजी आई। एचएसबीसी इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक जुलाई के 61.1 से बढ़कर अगस्त में 63.2 हो गया, जो 17 वर्षों में सबसे तेज विस्तार का संकेत है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि यह सेवा और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों में व्यापक उत्पादन वृद्धि को दर्शाता है। इस सर्वेक्षण में लगभग 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों के जवाबों को शामिल किया गया है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का संकेत देते हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 410, निफ्टी 135 अंक ऊपर आया**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बीच ही लिवाली (खरीदारी) बढ़ने से बाजार बढ़त पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 409.83 अंक की तेजी के साथ ही 80,567.71 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 135.45 अंक बढ़कर 24,715.05 पर बंद हुआ हालांकि आज कारोबार के दौरान लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 368.10 अंक की तेजी के साथ 57,345.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 157.15 अंक की मजबूती के साथ 17,748.45 पर था। सेक्टोरल आधार पर मेटल, पीएसयू बैंक, फार्मा, कमोडिटीज और ऑटो शेयर लाभ के साथ ही बढ़त पर बंद हुए। केवल आईटी और मीडिया शेयरों में ही गिरावट दर्ज की गयी।

सेंसेक्स के शेयरों की बात करें तो टाटा स्टील, टाइटन, एमएंडएम, आईटीसी, इटरनल, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व के शेयर लाभ में रहे। इन्फोसिस, एनटीपीसी, एचयूएल, टीसीएस, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक और टेक महिंद्रा के शेयर लाभ में रहे।

बाजार में बढ़त के पीछे जीएसटी स्लैब को संभावित रूप से तर्कसंगत बनाने की संभावना भी है। उससे भी बाजार में उत्साह का माहौल है। जीएसटी परिषद की बैठक आज से शुरू हो गई है और शुक्रवार को इसके फैसलों की घोषणा होगी। इसमें दरों में कमी की संभवना है। इससे पहले आज सुबह भारतीय शेयर बाजारों की शुरुआत अच्छी रही पर जल्द ही बाजार नीचे आ गया। सेंसेक्स 100 अंकों की बढ़त के साथ 80,295.99 पर खुला पर थोड़ी ही देर में यह 32.41 अंक नीचे आकर 80,190.29 पर आ गया। इसी तरह निफ्टी ने 24,616 के स्तर से शुरुआत की पर इसके बाद यह मामूली 2.05 अंकों की गिरावट के साथ 24,593 पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर आज वैश्विक स्तर पर भी बाजारों में गिरावट रही। अमेरिका के डाउ जोंस, एसएंडपी 500 और नैस्डैक मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वॉल स्ट्रीट पर मंगलवार को गिरावट के बाद बुधवार सुबह एशियाई बाजारों में गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को लेकर नई चिंताओं के कारण सेंटीमेंट्स प्रभावित हुए। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.5 फीसदी, जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.35 फीसदी गिरावट में रहा और दक्षिण कोरिया का कोस्पी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर रहा। डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 0.55 फीसदी गिरा, एसएंडपी 500 0.69 फीसदी कमजोर हुआ और टेक-हैवी नैस्डैक कंपोजिट 0.82 फीसदी नीचे गया।




## सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की आवास ऋण बाजार में हिस्सेदारी बढ़ी, निजी बैंक पीछे

**मुंबई ।** अप्रैल-जून तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने आवास ऋण बाजार में अपनी हिस्सेदारी में बड़ी बढ़ोतरी की है। क्रिफ हाई मार्क की रिपोर्ट के अनुसार, जून 2025 तक पीएसबी की हिस्सेदारी 46.2 प्रतिशत पहुंच गई, जो पिछले वर्ष इसी महीने 37.6 प्रतिशत थी। इसके विपरीत, निजी क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी 35.2 प्रतिशत से घटकर 28.2 प्रतिशत रह गई। निजी बैंक स्थिरता की कमी और उच्च ब्याज दरों की शिकायत करते रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के आवास ऋणों में डिफ़ॉल्ट की दर 2.85 प्रतिशत है, जबकि निजी बैंकों में यह केवल 1.04 प्रतिशत है। यह दर्शाता है कि पीएसबी ने बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाई है, पर उन्हें डिफ़ॉल्ट की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

## अमेरिका और भारत के बीच व्यापार लंबे समय से एकतरफा रहा- ट्रंप



**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में भारत पर लगाए गए 50 फीसदी आयात शुल्क का कड़ा बचाव किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार लंबे समय से एकतरफा रहा है, जिसमें भारत ने अमेरिकी सामानों पर भारी शुल्क लगाया जबकि अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान आसानी से प्रवेश कर जाते थे। ट्रंप ने बताया कि भारत ने कई उत्पादों पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाया है, जिससे अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो गया है। ट्रंप ने हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले उस पर भारत में 200 फीसदी तक शुल्क था, जिससे अमेरिकी उत्पाद महंगे और अप्रतिस्पर्धी हो गए। कंपनी ने बाद में भारत में उत्पादन शुरू कर दिया ताकि भारी शुल्क से बचा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के कारण अमेरिकी कंपनियों के लिए व्यापार करना कठिन हो गया है, जबकि भारतीय कंपनियों के लिए अमेरिकी बाजार खुला रहा। ट्रंप ने आरोप लगाया कि भारत अधिकांश तेल और सैन्य सामान रूस से खरीदता है और अमेरिका से बहुत कम खरीदता है, जिससे अमेरिका के लिए अवसर कम हो रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई कंपनियां चीन, मेक्सिको और कनाडा से अमेरिका आ रही हैं ताकि वे शुल्क से बच सकें और अमेरिकी प्रोत्साहनों का लाभ उठा सकें। वहीं, भारत ने अमेरिका के शुल्क को अनुचित और असंगत बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार किसानों, छोटे उद्योगों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं करेगी।

# युवा निवेशकों के लिए सही समय से ज्यादा जरूरी है समझ और अनुशासन

**मुंबई ।**

अधिकांश लोग सोचते हैं कि निवेश का सही समय पकड़कर बड़ा फायदा उठाया जा सकता है, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह सोच हमेशा सही नहीं होती। बाजार के उतार-चढ़ाव का सही अनुमान लगाना मुश्किल है। सही समय का इंतजार करते-करते कई मौके निकल सकते हैं। इसलिए नियमित और लॉन्ग टर्म निवेश को प्राथमिकता देनी चाहिए। एक बाजार` विशेषज्ञ बताते हैं कि निवेश में सबसे जरूरी है स्पष्ट फाइनेंशियल गोल बनाना। इससे खर्च और निवेश की योजना बनाना आसान होता है। इसके अलावा, 3 से 6 महीने के खर्च के बराबर इमरजेंसी फंड बनाना अनिवार्य है, ताकि अचानक आने वाली वित्तीय जरूरतों को आसानी से पूरा किया जा सके। जितनी जल्दी निवेश शुरू किया जाएगा, उतना ही कंपाउंडिंग का फायदा मिलेगा। समय के साथ निवेश की कीमत बढ़ती है और यह लंबी अवधि में धन संचित करने का सबसे अच्छा तरीका है। अक्सर लोग बिना रिसर्च किए दोस्तों या रिश्तेदारों की सलाह पर निवेश कर लेते हैं, जो नुकसानदेह साबित हो सकता है। कई बार सलाहकारों का मकसद कमीशन कमाना होता है, इसलिए खुद समझकर और शोध करके ही निवेश करें। निवेश को विभिन्न माध्यमों में फैलाना यानी डाइवर्सिफिकेशन, बाजार गिरने पर नुकसान को कम करता है। युवा निवेशकों के लिए म्युचुअल फंड जैसे प्रोफेशनल और डाइवर्सिफाइड निवेश उत्पाद सबसे बेहतर विकल्प हैं, जो सुरक्षित और कम जोखिम वाले होते हैं।



## टीबीओ टेक क्लासिक वेकेशंस का अधिग्रहण करेगी

**मुंबई ।**

यात्रा वितरण प्लेटफॉर्म टीबीओ टेक ने अमेरिका स्थित लक्जरी ट्रैवल कंपनी क्लासिक वेकेशंस का अधिग्रहण करने के लिए द नजफी कंपनीज के साथ समझौता किया है। यह कदम टीबीओ टेक के लिए उत्तरी अमेरिकी बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। क्लासिक वेकेशंस की अधिग्रहण प्रक्रिया फीनिक्स स्थित निवेश कंपनी द नजफी कंपनीज के माध्यम से पूरी हुई है, जिन्होंने 2021 में एक्सपीडिया ग्रुप से क्लासिक वेकेशंस को खरीदा था। टीबीओ टेक के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी की विकास रणनीति को आगे बढ़ाता है। उन्होंने यह भी कहा कि टीबीओ क्लासिक वेकेशंस को अपनी प्रणाली के साथ एकीकृत करेगा और भविष्य में इसी तरह के रणनीतिक गठबंधनों के लिए तैयार रहेगा। अंकुश ने इस अधिग्रहण को टीबीओ की वैश्विक विस्तार योजना के हिस्से के रूप में देखा है। क्लासिक वेकेशंस की सीईओ ने बताया कि टीबीओ के साथ मिलकर वे क्लासिक वेकेशंस को लक्जरी यात्रा के क्षेत्र में एक प्रमुख साझेदार के रूप में मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी से कंपनी की वैश्विक पहुंच और ग्राहकों तथा आपूर्तिकर्ताओं के साथ संबंध और भी मजबूत होंगे।



# रणवीर शोरी ने बताया क्यों ठुकराई टाइगर जिंदा है

एक्टर रणवीर शोरी सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म एक था टाइगर में नजर आए थे, हालांकि दूसरी फिल्म टाइगर जिंदा है में वो नजर नहीं आए। अब रणवीर ने खुद दूसरी फिल्म छोड़ने की वजह बताई है। साथ ही ये भी कहा है कि दूसरी फिल्म ठुकराने के बावजूद वो गुस्से में टाइगर 3 का हिस्सा बने थे। हाल ही में डिजिटल कमेंट्री को दिए इंटरव्यू में रणवीर शोरे ने टाइगर जिंदा है न करने पर कहा, टाइगर 2 (टाइगर जिंदा है) भी मुझे ऑफर हुई। पहली जब बनी तो जब मैं स्क्रीनिंग पर गया तो यश जी थे सलीम साहब थे उन्होंने भी मेरी पीठ थपथपाई औप कहा बहुत अच्छा काम किया तुमने। मैं भी खुश यार। लेकिन जब पार्ट टू की स्क्रिप्ट आई, रोल मेरा पहले वाले से भी छोटा और पैसे जो ऑफर कर रहे हैं वो पहले वाले से भी कम थे, तो मैंने कहा ऐसा क्यों कर रहे हो यार। अगर लोग मेरे रोल की तारीफ कर रहे हैं तो आपको रोल बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा, नहीं यही है, तो फिर मैंने मना कर दिया। आगे रणवीर शोरी ने कहा, तीसरे पार्ट (टाइगर 3) में क्या हुआ कि गिरीश जी (गिरीश कर्नाड) का निधन हो गया था। तो टाइगर की ओरिजिनल टीम थी, उसमें मैं ही बचा था, गिरीश जी थे और मैं था। इस बार भी मुझे जो रोल मिला, वो तो आपने देखा ही है, हम इस बारे में बात कर सकते हैं कोई स्पॉइलर नहीं है। तो मैंने कहा तुम मुझे वापस बुला रहे हो मारने के लिए, उन्होंने कहां, हां। पहले तो मुझे भी चोट लगी, लेकिन फिर कहते हैं न गुस्से में आकर कहा कि ठीक है मैं अपने कैरेक्टर को मौत देने आ जाऊंगा। अगर तुम ये इज्जत दे रहे हो इस कैरेक्टर को तो मरने के लिए मैं आ जाऊंगा। पैसे इस बार मैंने ठीक-ठाक लिए। बहुत ज्यादा नहीं लेकिन ठीक-ठाक। कैरेक्टर मारने के लिए मैं चला गया। बताते चलें कि रणवीर शोरे ने टाइगर फ्रैंचाइजी की फिल्मों में गोपी आर्या का किरदार निभाया था।



# युजवेंद्र चहल पर धनश्री ने फिर कसा तंज?

डांसर और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा इन दिनों एक नए रियलिटी शो में नजर आने वाली हैं, जिसके चलते वो चर्चाओं में हैं। हालांकि सुर्खियों में आने की वजह सिर्फ शो नहीं, बल्कि उनकी निजी जिंदगी भी है। धनश्री ने अपने रिएलिटी शो राइज एंड फॉल के प्रोमो में एक बयान दिया जिसे सोशल मीडिया पर लोग उनके एक्स-हसबैंड और टीम इंडिया के स्पिनर युजवेंद्र चहल से जोड़कर देख रहे हैं।

## प्रोमो में क्या बोलीं धनश्री?

'राइज एंड फॉल' नाम के शो के लेटेस्ट प्रोमो में धनश्री कहते हुए नजर आती हैं- क्वीन को स्टार बनने की जरूरत नहीं है, इंटरव्यू लेने वालों की लाइन पहले से लगी है। और वैसे भी, पेंटहाउस के सारे स्पोर्ट्स चैनल्स मैंने बंद कर दिए हैं। धनश्री की इस लाइन को सीधे पूर्व पति चहल के साथ मामले को जोड़कर देखा गया।

## सोशल मीडिया पर उठे सवाल




जैसे ही यह प्रोमो सामने आया, सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे युजवेंद्र चहल पर अप्रत्यक्ष तौर पर टिप्पणी बताया। लोगों का कहना है कि स्पोर्ट्स चैनल वाला जिक्र दरअसल चहल की ओर इशारा है। देखते ही देखते ट्विटर और इंस्टाग्राम पर क्लिप वायरल हो गई और फैंस ने मीम्स की झड़ी लगा दी।

## 'राइज एंड फॉल' से नई पारी

शो 'राइज एंड फॉल' में धनश्री के साथ कई जाने-माने चेहरे भी शामिल हैं। इसे शार्क टैंक इंडिया के अशनीर ग्रोवर होस्ट कर रहे हैं। इस शो में सेलेब्रिटीज को पेंटहाउस और बेसमेंट जैसी दो अलग-अलग दुनियाओं में बांटा गया है। धनश्री का किरदार शुरू से ही हाइलाइट हो रहा है और अब अपने इस प्रोमो के बाद वो एक बार फिर से चर्चाओं में आ गई हैं।



# फिल्म जी ले जरा पर फरहान ने दी अपडेट

## प्रियंका-कैटरीना को कास्ट करने पर कहा





फरहान अख्तर ने साल 2021 में फिल्म जी ले जरा का एलान किया था। इस फिल्म में आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ अहम किरदार निभाने वाली थीं। पिछले कुछ वर्षों में, कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तारीखों के टकराव के कारण इस प्रोजेक्ट में देरी हुई है। कई लोगों ने अनुमान लगाया कि क्या यह प्रोजेक्ट पूरी तरह से बंद हो गया है, क्योंकि पिछले चार वर्षों में इस पर कोई अपडेट नहीं आया है। अब, फरहान अख्तर ने बताया है कि जी ले जरा को बंद नहीं किया गया है।

### फरहान ने फिल्म के बारे में दिया अपडेट

बातचीत में फरहान अख्तर से पूछा गया कि क्या आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ अभिनीत फिल्म जी ले जरा को रोक दिया गया है। इस पर उन्होंने जवाब दिया मुझे यह कहना बिल्कुल पसंद नहीं आएगा कि इसे रोक दिया गया है। मैं बस इतना कहूंगा कि इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। यह एक ऐसी फिल्म है जो बनेगी। मुझे नहीं पता कि यह कब बनेगी। लेकिन इसकी स्क्रिप्ट बहुत ही शानदार है।

### कलाकारों के बारे में नहीं है जानकारी

फरहान अख्तर ने कहा कि उन्हें कलाकारों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है और वह इस पर और कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। हालांकि फिल्म जरूर बनेगी। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म पर लोकेशन की तलाश और म्यूजिक सहित काफी काम पहले ही हो चुका है।

### तरीखों को लेकर फंसा था पेंच


2023 में वैरायटी के साथ बातचीत में फरहान अख्तर ने बताया हमारे पास बस तारीखों को लेकर समस्या है। मुझे नहीं पता क्या हो सकता है और क्या नहीं। इसलिए मुझे अब सचमुच विश्वास होने लगा है कि इस फिल्म की अपनी नियति है।

### रोड-ट्रिप फिल्म हो सकती है जी ले जरा

जी ले जरा को ऋतिक रोशन और अभय देओल अभिनीत हिट फिल्म जिंदगी ना मिलेगी दोबारा की तरह एक रोड-ट्रिप फिल्म बताया जा रहा है। पहले ऐसी अफवाहें थीं कि कैटरीना और प्रियंका अब इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं।

# फिल्म परम सुंदरी के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा को मिली 12 करोड़ रुपए फीस

तुषार जलोटा के निर्देशन में बनी फिल्म परम सुंदरी की पिछले काफी समय से चर्चा हो रही है। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर ने लीड रोल प्ले किया है। अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक...इस फिल्म के लिए सिद्धार्थ को 10 से 12 करोड़ रुपए तक की फीस मिली है। फीस के मामले में उन्होंने फिल्म के सभी कलाकारों को पीछे छोड़ दिया है। परम सुंदरी में जाह्नवी (सुंदरी) एक ऐसी लड़की की भूमिका में हैं, जो केरल से ताल्लुक रखती है। इस फिल्म के लिए उन्होंने 4 से 5 करोड़ रुपए लिए हैं। फिल्म में संजय कपूर भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म के लिए उन्हें लगभग 50 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। मनजोत सिंह ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है, जिसके लिए उन्होंने तकरीबन 25 लाख चार्ज किए हैं। रेन्जी पणिक्कर को फिल्म के लिए 25 से 30 लाख रुपए तक की फीस दी गई है। परम सुंदरी का बजट 45 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। इसके अलावा सिद्धार्थ जल्द ही फिल्म रेस 4 में भी दिखाई देंगे। इस फिल्म में उनके साथ सैफ अली खान भी लीड रोल में हैं।



# डूमस्क्रॉलिंग पर परिणीति चोपड़ा ने जताई चिंता



तकनीक और सोशल मीडिया के तमाम फायदे हैं, मगर इसके अपने नुकसान भी हैं। डूमस्क्रॉलिंग यानी सोशल मीडिया पर लगातार नेगेटिव कंटेंट और खबरों के स्क्रॉलिंग की आदत। फिर चाहें वह हमारी चिंता और तनाव की वजह बन रही हो। परिणीति ने हाल ही में इस आदत पर चिंता जताते हुए पोस्ट शेयर किया है। परिणीति चोपड़ा ने आज को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक स्टोरी शेयर की है। इसमें लिखा है, एक दिन हम डूमस्क्रॉलिंग को उसी नजर से देखेंगे जैसे आज सिगरेट को देखते हैं। लत लगाने वाला, विनाशकारी, और ऐसा कुछ जिस पर हमें यकीन ही नहीं होता कि हमने कभी इतनी लापरवाही से ऐसा किया था। परिणीति चोपड़ा जल्द मां बनने वाली हैं। वे और राघव चड्ढा अपनी पहली संतान का स्वागत करने को तैयार हैं। हाल ही में परी ने इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर कर यह खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की। बता दें कि राघव चड्ढा और परिणीति ने साल 2023 में शादी रचाई।

## ओटीटी सीरीज में करेंगी डेब्यू

परिणीति के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे जल्द ही नेटफ्लिक्स की सीरीज में नजर आएंगी। यह परी की पहली ओटीटी सीरीज है। डेब्यू सीरीज को लेकर वे उत्साहित हैं।
परी के अलावा सीरीज में सोनी राजदान, जेनिफर विंगेट, ताहिर राज भसीन सहित कई और सितारे नजर आएंगे।



# पहली बार कन्नड़ डायरेक्टर के साथ काम कर सकते हैं अजय

बालीवुड के सुपरस्टार अजय देवगन। को हिंदी में रीमेक करते हैं, अब साउथ के फिल्म निर्माताओं के साथ सीधे काम करने जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक... अजय से तीन बड़े साउथ फिल्म बैनरों ने संपर्क किया है और फिलहाल उनकी बातचीत कन्नड़ निर्देशक जेपी थुमिनद के साथ एक हिंदी हॉरर कॉमेडी फिल्म को लेकर चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार... अजय की KVN प्रोडक्शंस के साथ बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। KVN प्रोडक्शंस वही बैनर है जो निर्देशक प्रियदर्शन की हैवान और यश की टॉक्सिक :अ फेरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स बना रहा है।

## मैत्री मूवी ने फिल्म के लिए किया अजय से संपर्क

कहा जा रहा है कि अजय को फिल्म पुष्पा फ्रैंचाइज बनाने वाली मैत्री मूवी मेकर्स और कई हिट फिल्में देने वाली सन पिक्चर्स ने भी संपर्क किया है। हालांकि इन बैनरों के साथ अभी शुरुआती दौर की बातचीत चल रही है। सूत्रों ने बताया... मैत्री और सन पिक्चर्स के साथ अजय की बातचीत शुरुआती चरण में है, लेकिन चक्कह प्रोडक्शंस के साथ उनकी बात ठोस बन गई है। उन्होंने एक हॉरर कॉमेडी फिल्म के लिए हाथ मिलाया है, जिसे जे. पी. थुमिनाद निर्देशित करेंगे। थुमिनाद ने हाल ही में कन्नड़ हिट फिल्म सू फ्रॉम सो का निर्देशन किया था।

सूत्रों के मुताबिक... अगर यह डील पक्की हो जाती है, तो यह अजय के करियर की पहली हॉरर कॉमेडी होगी। इससे पहले उन्होंने हॉरर फिल्में जैसे भूत (2003), काल (2004) और हाल ही में रिलीज हुई शैतान (2024) में काम किया है। उनकी फिल्म गोलमाल अगेन (2017) में अलौकिक कॉमेडी थी, लेकिन उसमें हॉरर के तत्व कम थे। सूत्र ने आगे बताया... अजय ने हाल ही में सू फ्रॉम सो देखी और उन्हें वह इतनी पसंद आई कि उन्होंने निर्देशक जे. पी. थुमिनाद को मुंबई बुलाया। दोनों इस महीने की शुरुआत में मिले और कहानी पर चर्चा की।

अजय को कहानी पसंद आई है, लेकिन वह स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद ही अपनी सहमति देंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो दृश्यम 3 की शूटिंग अक्टूबर में शुरू करने के बाद, अजय थुमिनद की फिल्म पर काम शुरू कर सकते हैं। वर्तमान में, अजय फिल्म धमाल 4 की शूटिंग पूरी कर रहे हैं, । इस फिल्म में अजय के साथ कई स्टार भी दिखाई देंगे। ईशा गुप्ता भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। इसके अलावा अजय इन दिनों अपनी फिल्म रेंजर को लेकर भी चर्चा में हैं। इसकी शूटिंग भी उन्होंने शुरू कर दी है।

## नेटफ्लिक्स पर आएगी सन ऑफ सरदार 2

अजय देवगन की कॉमेडी फिल्म सन ऑफ सरदार 2 को थिएटर्स में रिलीज किया गया था। माना जा रहा था कि अजय की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी। लेकिन सन ऑफ सरदार का सीक्वल ऑडियंस का दिल जीतने में सफल नहीं नहीं रहा। अब फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आ रहा है। अब इसकी ओटीटी रिलीज की चर्चा तेज होने लगीं। बता दें कि सन ऑफ सरदार 2 के डिजिटल राइट्स की डील नेटफ्लिक्स के साथ पहले ही हो गई थी। हालांकि, अभी इसकी रिलीज डेट का आधिकारिक ऐलान होना बाकी है। कयास लगाए जा रहे हैं सितंबर के आखिरी या फिर अक्टूबर के पहले वीक में फिल्म पर अपडेट आ जाएगा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in